## खबर संक्षेप

### स्टेशन के पास मिला युवक का शव, हत्या की जताई आशंका

**कटनी।** मुड़वारा रेलवे स्टेशन के पास गुरुवार सुबह रेलवे ट्रैक पर एक युवक का शव संदिग्ध अवस्था में मिला। मृतक की पहचान इंद्रजीत पटेल के रूप में हुई है। परिजनों ने इस मामले में हत्या का आरोप लगाते हुए निष्पक्ष जांच की मांग की है। जानकारी के अनुसार इंद्रजीत पटेल 21 अप्रैल की शाम करीब 4 बजे अपने घर से निकला था। वह एनकेजे थाना क्षेत्र के ग्राम जुहला में एक रिश्तेदार के यहाँ आयोजित तिलक समारोह में शामिल होने गया था। जब वह देर रात तक वापस घर नहीं लौटा, तो परिजनों ने उसकी तलाश शुरू की। गुरुवार सुबह मुड़वारा रेलवे स्टेशन के पास रेल की पटरियों पर उसका शव मिलने की सूचना मिली। परिजनों ने आशंका व्यक्त करते हुए कहा कि यह सामान्य दुर्घटना नहीं बल्कि एक सुनियोजित हत्या है। उन्होंने पुलिस प्रशासन से मामले की गहन जांच कर दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करने की अपील की है। घटना की सूचना मिलते ही जीआरपी पुलिस तत्काल मौके पर पहुंची और शव का पंचनामा तैयार कर उसे पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भेजा। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि मर्ग कायम कर लिया गया है और मामले के हर पहलू की बारीकी से जांच की जा रही है।

### चोरो ने जेवरात एवं नकदी रूपये किये पार

**कटनी।** एन.के.जे. थाना अंतर्गत तिलक कॉलेज के पास स्थित शनि मंदिर वाली गली में चोरी की एक वारदात सामने आई है। यहाँ रहने वाले फरियादी विजय अहिरवार के घर को चोरों ने उस वक्त निशाना बनाया जब घर पर कोई नहीं था। जानकारी के अनुसार विजय अहिरवार मूलतः बड़वारा के रहने वाले हैं और वर्तमान में यहाँ दिनेश प्रजापति के मकान में किराए से रहते हैं। चोरों ने घर का ताला तोड़कर अंदर प्रवेश किया और अलमारी में रखे सोने-चांदी के कीमती जेवरात सहित 20,000 रुपये नगद लेकर चंपत हो गए। पुलिस ने मामला दर्ज किया है।

### समितियों की बैठक आज

**कटनी।** कलेक्टर आशीष तिवारी की अध्यक्षता में शुक्रवार 24 अप्रैल को प्रातः 11 बजे से जिला स्तरीय क्षीरधारा समन्वय समिति, नेशनल लाइव स्टाक मिशन जिला गौपालन एवं गौसंवर्धन समिति, जिला पशु क्रूरता निवारण समिति एवं जिला रोगी पशु कल्याण समिति की बैठक आयोजित की गई है। उपसंचालक पशुपालन डॉ. आर के सोनी ने बैठक के दौरान पुलिस अधीक्षक, जिला पंचायत सीईओ, नगर निगम आयुक्त, वन मंडलाधिकारी, जिला शिक्षा अधिकारी, उपसंचालक कृषि, सीएमएचओ सहित सभी संबंधित सदस्यों और अशासकीय सदस्यों को उपस्थित रहने का अनुरोध किया है।

### आज होगी जिला खनिज प्रतिष्ठान की समीक्षा बैठक

**कटनी।** कलेक्टर आशीष तिवारी की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में शुक्रवार 24 अप्रैल को सायं 4 बजे से जिला खनिज प्रतिष्ठान मद अंतर्गत स्वीकृत निर्माण विकास कार्यों की समीक्षा हेतु कलेक्टर कार्यालय में सभागार समीक्षा बैठक आयोजित की गई है। जिला पंचायत की मुख्य कार्यपालन अधिकारी एवं सदस्य सचिव सुश्री हरसिमरनप्रीत कौर ने कार्यपालन यंत्री ग्रामीण यांत्रिकी सेवा, कार्यपालन यंत्री लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग, कार्यपालन यंत्री जल संसाधन, आयुक्त नगर पालिक निगम सहित सभी संबंधित अधिकारियों को आवश्यक जानकारी सहित निर्धारित समय पर समीक्षा बैठक में उपस्थित रहने के निर्देश दिये हैं।

### कैंपस ड्राइव में 26 चयनित

**कटनी।** शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था कटनी में देश की प्रतिष्ठित ऑटोमोबाइल कंपनी द्वारा कैंपस प्लेसमेंट ड्राइव का आयोजन किया गया। इस प्लेसमेंट ड्राइव में कुल 63 प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया। कंपनी के प्रतिनिधियों द्वारा उम्मीदवारों की तकनीकी दक्षता का परीक्षण उपरांत 26 प्रतिभागियों का अंतिम रूप से चयन किया गया।

## परिवहन विभाग द्वारा चलाया गया सघन चेकिंग अभियान, चालकों में हड़कंप

# नियमों का पालन नहीं करना पड़ा महंगा एक स्कूल सहित तीन यात्री बसें हुई जब्त

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

यातायात नियमों का पालन नहीं करने एवं यात्रियों और स्कूली बच्चों की सुरक्षा से खिलवाड़ करने वाले वाहन संचालकों के खिलाफ परिवहन विभाग ने सख्त रुख अख्तियार कर लिया है। अतिरिक्त क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी संतोष पॉल के नेतृत्व में चलाए गए सघन चेकिंग अभियान के दौरान तीन बसों को जब्त कर विभिन्न थानों में खड़ा कराया गया है।





### वाहनों को थाना में किया खड़ा

'जांच के दौरान टीम ने दो ऐसी यात्री बसों को पकड़ा जो अपनी 15 साल की निर्धारित आयु सीमा पूरी कर चुकी थीं। इसके बावजूद इन्हें बिना किसी वैध परमिट के सड़कों पर दौड़ाया जा रहा था। परिवहन विभाग द्वारा सख्त कार्रवाई करते हुए वाहन क्रमांक MP 09 FA 3323 को बरही थाने में जब्त कराया। इसी तरह वाहन क्रमांक MP 21 P 0225 को बड़वारा थाने में सुपुर्द किया।

चेकिंग अभियान के दौरान एक स्कूल बस क्रमांक MP 21 P 0293) भी पकड़ी गई, जिसमें भारी अनियमितताएं पाई गईं। इस बस के पास न तो वैध फिटनेस प्रमाण पत्र था, न ही परमिट और बीमा। इतना ही नहीं, वाहन का टैक्स भी वर्ष 2024 से बकाया था। गंभीर बात यह थी कि इन तमाम कमियों के बावजूद बस में स्कूली बच्चों को लाया-ले जाया जा रहा था, जिससे किसी बड़े हादसे की आशंका बनी हुई थी। बस को जब्त कर बरही थाने में खड़ा कराया गया है।

### लापरवाही बर्दाश्त नहीं होगी

एआरटीओ संतोष पॉल ने बस में सवार बच्चों को स्वयं के वाहन से सुरक्षित उनके घर तक पहुंचाया।नियमों के उल्लंघन पर 'जीरो टॉलरेंस'एआरटीओ संतोष पॉल ने स्पष्ट चेतावनी दी है कि यातायात नियमों में किसी भी तरह की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। एआरटीओ का कहना है कि स्कूली वाहनों के मामले में विभाग 'जीरो टॉलरेंस' की नीति अपना रहा है। सभी वाहन मालिकों को फिटनेस, परमिट, बीमा और टैक्स जैसे जरूरी दस्तावेज समय पर अपडेट रखने होंगे। यह चेकिंग अभियान लगातार जारी रहेगा। इस कार्रवाई से नियम विरुद्ध वाहन चलाने वाले बस संचालकों में हड़कंप मचा हुआ है।



## निशानेबाज बेटियां, प्रशिक्षण शिविर में अचूक लक्ष्य भेद

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

एनसीसी की 32 एमपी बटालियन द्वारा आयोजित वार्षिक प्रशिक्षण शिविर में कटनी की बेटियों ने अपनी अचूक निशानेबाजी से नया कीर्तिमान रच दिया है। सिलिकोबाइट कटनी डिग्री कॉलेज (रेडफोर्ट कैंपस) में चल रहे इस 10 दिवसीय शिविर में फायरिंग रेंज सिलेक्शन का आयोजन किया गया जिसमें गर्ल कैडेट्स ने लड़कों को पछाड़ते हुए शानदार बढ़त बनाई। सेना में शामिल होने का जज्बा लिए इन कैडेट्स ने 0.22 राइफल से 50 मीटर की दूरी पर सटीक निशाना लगाया। कड़े मुकाबले के बाद कुल 21 कैडेट्स का चयन अगले राउंड के लिए हुआ है। यह चयन प्रक्रिया सागर में होने वाले आगामी चरण के लिए की गई है, जहाँ से सफल कैडेट्स के लिए नई दिल्ली में गणतंत्र दिवस परेड में शामिल होने का रास्ता साफ होगा। चयन सूची में कन्या महाविद्यालय कटनी का दबदबा रहा, जहाँ से सर्वाधिक 15 कैडेट्स ने स्थान बनाया। इसके अलावा शासकीय तिलक कॉलेज 9 कैडेट्स जेएनवी बड़वारा 5 कैडेट्स जेएनवी मऊ एवं केंद्रीय विद्यालय NKJ 3-3 कैडेट्स JPV DAV कटनी 3 कैडेट्स विजयाराघवगढ़, कैमोर, बर्डसले, से 1-1 कैडेट का चयन हुआ।

कॉलेज कैंपस के सैनिक ग्राउंड में आयोजित इस प्रशिक्षण और चयन प्रक्रिया के दौरान कैडेट्स का उत्साह देखते ही बनता था। 32 एमपी बटालियन के अधिकारियों की देखरेख में कैडेट्स को फायरिंग की बारीकियां सिखाई गईं। 21 कैडेट्स के एक साथ प्रदेश स्तर के अगले राउंड के लिए चयनित होने से जिले का गौरव बढ़ा है।

## पीएससी प्रारंभिक परीक्षा में होगी परीक्षार्थियों की त्रिस्तरीय जांच

हरिभूमि न्यूज ⏭ सिलौड़ी

राज्य सेवा प्रारंभिक परीक्षा 2026 में सम्मिलित होने वाले परीक्षार्थियों हेतु परीक्षा केन्द्र पर प्रवेश के दौरान त्रिस्तरीय नवीन जाँच प्रक्रिया (बायोमेट्रिक प्रमाणीकरण, प्रवेश पत्र की स्केनिंग, एचएचएमडी के माध्यम से तलाशी) प्रारंभ की गई है।

परीक्षार्थियों की हैंड हेल्ड मेटल डिटेक्टर के माध्यम से दोनो सत्रों में जाँच की जाएगी, जिसमें पुरूष परीक्षार्थियों की जाँच पुरूष वीक्षकों द्वारा एवं महिला परीक्षार्थियों की जाँच महिला वीक्षक द्वारा की जाएगी। ट्रांसजेण्डर अभ्यर्थियों के पास विकल्प होगा कि वह अपनी जांच महिला अथवा पुरूष कर्मचारी से करवाना चाहते हैं। परीक्षार्थियों की दोनों सत्रो में त्रिस्तरीय जाँच की जाएगी, तत्पश्चात परीक्षार्थियों को परीक्षा कक्ष में प्रवेश दिया जाएगा।

### दो सत्रों में होगी परीक्षा, 90 मिनट पहले पहुंचना होगा

परीक्षार्थियों को परीक्षा केन्द्र पर अनिवार्यतः 90 मिनिट पूर्व पहुँचना होगा। साथ ही परीक्षा केन्द्र के प्रवेश द्वार के समीप अनुमत एवं वर्जित वस्तुओं की जानकारी चस्पा होगी, जिसका पूर्णतः पालन किया जाना अनिवार्य होगा। परीक्षार्थी स्वयं के साथ केवल बॉलपेन एवं एक पानी की पारदर्शी बॉटल, ई-प्रवेश आई.डी. कार्ड साथ में ला सकते है। राज्य सेवा व राज्य वन सेवा प्रारंभिक परीक्षा-2026 रविवार 26 अप्रैल को ओएमआर पद्धति से प्रातः 10 बजे से 12 बजे तक एवं दोपहर 2:15 से 4:15 बजे तक, दो सत्रों में प्रदेश के 54 जिला मुख्यालयों के 365 परीक्षा केन्द्रों पर आयोजित की जा रही है।

## निगम कर्मियों एवं पेंशनर समस्याओं के निराकरण हेतु विशेष शिविर आज

**कटनी।** नगर निगम कटनी में कार्यरत कर्मचारियों एवं सेवानिवृत्त कर्मचारियों/पेंशनरों की समस्याओं के त्वरित निराकरण के उद्देश्य से 24 अप्रैल को प्रातः 11 बजे से दोपहर 1 बजे तक निगम कार्यालय के एमआईसी सभाकक्ष में कर्मचारी समस्या निवारण शिविर का आयोजन किया जाएगा। निगमायुक्त सुश्री तपस्या परिहार के निर्देशानुसार आयोजित इस शिविर में वे स्वयं उपस्थित रहकर कर्मचारियों एवं पेंशनरों से प्राप्त आवेदनों पर सुनवाई करेंगी तथा संबंधित प्रकरणों के त्वरित निराकरण के निर्देश प्रदान करेंगी। उपयुक्त शैलेश गुप्ता ने जानकारी देते हुए बताया कि शिविर का उद्देश्य कर्मचारियों एवं पेंशनरों को एक ही स्थान पर उनकी समस्याओं का सरल एवं सुविधाजनक समाधान उपलब्ध कराना है, जिससे अनावश्यक विलंब एवं जटिल शासकीय प्रक्रियाओं को कम किया जा सके। शिविर में सेवा संबंधी प्रकरण, वेतन, पेंशन, जीपीएफ, अवकाश सहित अन्य संबंधित मामलों में प्राथमिकता के आधार पर सुनवाई कर यथासंभव त्वरित निराकरण सुनिश्चित किया जाएगा। नगर निगम प्रशासन ने सभी संबंधित कर्मचारियों एवं पेंशनरों से अपील की है कि वे निर्धारित समय पर उपस्थित होकर लाभ उठाएं।

## प्रगणकों एवं पर्यवेक्षकों को दिया गया प्रशिक्षण



आगामी जनगणना 2027 के प्रथम चरण अंतर्गत मकान सूचीकरण एवं मकान गणना कार्य को सुचारू एवं प्रभावी रूप से संपादित करने के उद्देश्य से तृतीय जोन के प्रगणकों एवं पर्यवेक्षकों का तीन दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम गुरुवार 23 अप्रैल 2026 से प्रारंभ हो गया है। यह प्रशिक्षण 25 अप्रैल 2026 तक नालंदा कॉमर्स एंड आर्ट्स कॉलेज, झिंझरी में आयोजित किया जाएगा। नगर जनगणना अधिकारी जागेश्वर प्रसाद पाठक एवं जोन क्रमांक तीन के जोनल चार्ज अधिकारी श्री अंशुमान सिंह ने जानकारी देते हुए बताया कि प्रशिक्षण के प्रथम दिवस पर जोन क्रमांक 3 के वार्ड क्रमांक 31 से 45 तक के लगभग 185 कर्मचारियों द्वारा भाग लेकर जनगणना कार्य से संबंधित महत्वपूर्ण बिंदुओं की जानकारी प्राप्त की। प्रशिक्षण के दौरान प्रतिभागियों को मकान सूचीकरण, आंकड़ों के संकलन, प्रपत्रों के सही तरीके से भरने तथा सर्वेक्षण कार्य में अपनाई जाने वाली सावधानियों के संबंध में विस्तृत मार्गदर्शन प्रदान किया गया। साथ ही जनगणना कार्य को पारदर्शी, सटीक एवं समयबद्ध रूप से पूर्ण करने पर विशेष जोर दिया गया। इस दौरान 30 जून तक चलने वाले स्व गणना की जानकारी प्रदान की जाकर अधिक से अधिक नागरिकों को स्व गणना किए जाने हेतु प्रेरित करने की जानकारी दी गई।

## सांस्कृतिक विरासत के संरक्षण के प्रति रहे सजग

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ़ एक्सीलेंस, शासकीय तिलक स्नातकोत्तर महाविद्यालय कटनी में प्राचार्य डॉक्टर सुनील कुमार बाजपेई की अध्यक्षता एवं कार्यक्रम अधिकारी डॉ माधुरी गर्ग के नेतृत्व में सोमनाथ स्वाभिमान पर्व कार्यक्रम के अंतर्गत महाविद्यालय में निबंध प्रतियोगिता, क्विज प्रतियोगिता, वाद विवाद प्रतियोगिता, व्याख्यान माला एवं डॉक्यूमेंट्री फिल्म का प्रदर्शन विद्यार्थियों के बीच में किया गया।

सोमनाथ स्वाभिमान पर्व 11 जनवरी 2026 से प्रारंभ होकर 11 जनवरी 2027 तक आयोजित हो रहा है। कार्यक्रम व्याख्यान माला प्रतियोगिता में काजल ने प्रथम स्थान, कुमारी अंकिता ने द्वितीय स्थान और नेतराम ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। जबकि वाद-विवाद प्रतियोगिता में साक्षी सोनी ने प्रथम, खुशी गुप्ता ने द्वितीय एवं चंद्रभान यादव ने तृतीय स्थान प्राप्त किया।

प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता में मुस्कान चौधरी ने प्रथम, अंजलि पटेल ने द्वितीय और दिव्यांशी सिंह ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। निबंध प्रतियोगिता मे शिवानंद तिवारी ने प्रथम, राजा तिवारी ने द्वितीय और दीपक प्रजापति ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। इस अवसर पर संगोष्ठी का आयोजन किया गया। संगोष्ठी में डॉक्टर माधुरी गर्ग ने मुख्य वक्ता के रूप में कहा कि सोमनाथ मंदिर का इतिहास केवल आक्रमण और पुनर्निर्माण का नहीं बल्कि भारतीय समाज की अदम्य आस्था और पुनरुत्थान की भावना का प्रतीक है।

प्रतिभा त्रिपाठी ने कहा कि इतिहास को समझने के लिए हमें तथ्यों के साथ-साथ उसके सामाजिक और सांस्कृतिक प्रभावों का भी अध्ययन करना चाहिए। इस दृष्टि से हम सोमनाथ मंदिर और उसके सांस्कृतिक प्रभाव का अध्ययन करते हैं। डॉ विजय कुमार ने कहा कि सोमनाथ मंदिर पर हुआ आक्रमण भारतीय इतिहास की एक महत्वपूर्ण घटना है, जिसने हमें अपनी सांस्कृतिक विरासत के संरक्षण के प्रति सजग रहने की प्रेरणा दी। कार्यक्रम का संचालन डॉ नरेश कुलस्ते ने करते हुए कहा कि ऐसी ऐतिहासिक घटनाएं हमें एकजुट और आत्म बल का संदेश देती हैं, जिन्हें हमें वर्तमान और भविष्य में संजोकर रखना चाहिए। छात्र-छात्राओं ने भी अपने विचारों को रखा। नेतराम, राजा, दीपक, अंकित, काजल कुमारी ,आशीष ने भी अपने विचारों को रखा और इतिहास के विभिन्न अनछुए पहलुओ को उजागर किया और कार्यक्रम को संवादात्मक बनाया।

## स्वच्छ सर्वेक्षण में उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए सहभागिता की अपील

## फॉरेस्टर प्लेग्राउंड के सामने 26 अप्रैल को होंगी दो दर्जन से अधिक रोचक गतिविधियां

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

शहर में स्वच्छता के प्रति जनजागरूकता बढ़ाने और नागरिकों को स्वस्थ एवं सक्रिय जीवनशैली अपनाने के लिए नगर निगम प्रशासन द्वारा आयोजित किये जाने वाले राहगीरी डे की श्रृंखला में इस रविवार 26 अप्रैल को प्रातः 7 बजे से 8:30 बजे तक महारानी लक्ष्मी बाई वार्ड स्थित फॉरेस्टर प्लेग्राउंड के सामनें राहगीरी डे का आयोजन किया जायेगा। यह आयोजन न केवल मनोरंजन और स्वास्थय से जुड़ी गतिविधियों का केंद्र होगा, बल्कि स्वच्छ सर्वेक्षण में उत्कृष्ट प्रदर्शन हेतु नागरिक सहभागिता को भी सशक्त करेगा।

स्वच्छ भारत मिशन के नोडल अधिकारी आदेश जैन ने बताया कि रविवार को आयोजित होने वाले राहगीरी डे के दौरान फॉरेस्टर प्लेग्राउंड के सामने स्थित मार्ग पर प्रातः 7 बजे से 8:30 बजे तक वाहन रहित वातावरण तैयार कर नागरिकों हेतु विभिन्न खेलकूंद गतिविधियों योगा, रस्सा खींच, सांप सीढ़ी, पिट्टू, कैरम, शतरंज, घुडसवारी, स्केटिंग, जुंबा, म्यूजिकल चेयर, सहित 25 से अधिक फिटनेस कार्यक्रमों का आयोजन किया जायेगा। इस रोमांचक "राहगीरी-डे" से हर आयु वर्ग के लोग जुड़कर रोजमर्रा की भागदौड से दूर खुली सड़कों पर उत्साह और उमंग के साथ विभिन्न गतिविधियों में तनावमुक्त होकर भाग ले सकेंगे।

राहगीरी डे आयोजन के अवसर पर निगम प्रशासन द्वारा स्वच्छता जागरूकता गतिविधियों के तहत स्वच्छता संबंधी संदेश, नुक्कड़ नाटक, स्वच्छता शपथ एवं जनसंवाद के माध्यम से लोगों को कचरा पृथक्करण, प्लास्टिक उपयोग में कमी तथा सार्वजनिक स्थलों को साफ एवं स्वच्छ रखने के लिए प्रेरित किया जायेगा। निगम प्रशासन का मानना है कि स्वच्छ शहर का निर्माण तभी संभव है जब हर नागरिक अपनी जिम्मेदारी समझते हुए स्वच्छता को अपनी दिनचर्या का हिस्सा बनाए।

उल्लेखनीय है कि निगम प्रशासन द्वारा रविवार 12 अप्रैल को माधव नगर स्थित जागृति पार्क से राहगीरी डे का भव्य शुभारंभ किया गया था। उसके पश्चात 19 अप्रैल को सुभाष चौक से स्टेशन मार्ग में राहगीरी डे का आयोजन किया जा चुका है। जिसने हर वर्ग के लोगों द्वारा उत्साहजनक सहभागिता की जाकर विभिन्न खेल गतिविधियों के माध्यम से स्वास्थ्य लाभ अर्जित किया गया था। नगर निगम प्रशासन ने सम्मानित जनप्रतिनिधियों, नागरिकों, युवाओं, महिलाओं एवं बच्चों से अपील की है कि वे रविवार 26 अप्रैल को आयोजित होने वाले राहगीरी डे में अधिक से अधिक संख्या में आयोजन का हिस्सा बनकर स्वास्थ्य लाभ अर्जित करें, और स्वच्छ, स्वस्थ एवं सुंदर शहर के निर्माण में अपनी सहभागिता सुनिश्चित करें, ताकि शहर को स्वच्छ, सुंदर और स्वस्थ बनाया जा सके।

## सीईओ ने कहा तकनीकी मानकों और गुणवत्ता का रखें पूरा ध्यान

# जल स्रोतों, संरक्षण और संचयन के कार्यों में लापरवाही बर्दाश्त नहीं

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

ग्रीष्म काल में नागरिकों के लिए पेयजल की उपलब्धता हेतु सर्वोच्च प्राथमिकता से विच्छेद हुए विद्युत कनेक्शन को जुड़वाकर नल जल योजना प्रारंभ करवाएं। जल गंगा संवर्धन अभियान के अंतर्गत जल संरक्षण एवं संवर्धन हेतु निर्मित कराई जा रही जल संरचनाओं में तकनीकी मानकों, गुणवत्ता एवं पूर्णता की समय सीमा का पूरा ध्यान रखें। इसमें किसी भी प्रकार की कोताही और लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी और त्रुटि पाए जाने पर बख्शा नहीं जाएगा। उपार्जन केंद्र पर किसानों को किसी भी प्रकार की परेशानी या समस्या नहीं होनी चाहिए। कृषकों के लिए शुद्ध शीतल पेयजल, छाया एवं अन्य आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित करें।



इस आशय के निर्देश जिला पंचायत सीईओ सुश्री हरसिमरनप्रीत कौर ने गुरुवार को विकासखंड बड़वारा की ग्राम पंचायत, बड़वारा, उपार्जन केंद्र क्रमांक एक विलायत कलां, खितौली, जगुआ, बरमानी सहित अन्य गांवों का औचक निरीक्षण करते हुए अधिकारियों एवं ग्राम पंचायतों को दिए। सुश्री कौर ने भ्रमण करते हुए बड़वारा में मनरेगा योजना से प्रगति रत कंटूर (सीपीटी) कार्य एवं उमंग नगर आंगनबाड़ी केंद्र का निरीक्षण कर जायजा लिया एवं संचालित गतिविधियों, पोषण आहार सप्ताह आदि की जानकारी ली। उन्होंने चिरौंजिया बाई के खेत तालाब का मुआयना कर स्वीकृत और व्यय राशि की जानकारी ली तथा बारिश के पूर्व गुणवत्तापूर्ण कार्य करने के निर्देश दिए।

### उपार्जन केंद्र विलायत कलां

उपार्जन केंद्र विलायत कला क्रमांक एक का निरीक्षण करते हुए जिला पंचायत सीईओ ने केंद्र प्रभारी से गेहूं, चना और सरसों जिंस की भौतिक मात्रा, समयबद्ध भुगतान आदि के संबंध में पूछताछ की। उन्होंने किसानों के लिए किसी भी प्रकार की परेशानी या समस्या नहीं होने के संबंध में निर्देशित किया।

जिला पंचायत सीईओ सुश्री कौर ने खितौली में आउटडोर स्टेडियम का निरीक्षण कर गहन दृष्टि से जायजा लिया। उन्होंने काफी समय पूर्व स्वीकृत कार्य के पूर्ण नहीं कराए जाने पर नाराजगी जताते हुए विद्युतीकरण कार्य, शौचालय एवं अन्य बाकी कार्य को दो सप्ताह में पूर्ण कर अवगत कराने को कहा।

जिला पंचायत सीईओ ने समस्त जानकारियां अंकित करते हुए सूचना पटल लगाने हेतु निर्देशित किया। उन्होंने मंगल भवन का अवलोकन करते हुए उन्होंने ग्राम पंचायत से सभी वर्गों के लिए इसकी उपयोगिता, आमदनी के संबंध में ग्रामीणों और ग्राम पंचायत से जानकारी ली। चर्चा के दौरान विद्युत कनेक्शन विच्छेद कर देने के कारण पेयजल संकट से निपटने के लिए तत्परता पूर्वक कार्यवाही करने के निर्देश ग्राम पंचायत को दिए।

## वाहन की टक्कर से घायल हुये तेंदुए का किया गया रेस्क्यू

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

कटनी-उमरिया हाईवे पर सड़क हादसे का शिकार हुए एक तेंदुए को वन विकास निगम की मुस्तैदी से नया जीवन मिला है। कुण्डम परियोजना मण्डल (राज्य वन विकास निगम) के अंतर्गत बड़वारा परिक्षेत्र की भदौरा बीट में एक घायल तेंदुआ को कड़ी मशक्कत के बाद रेस्क्यू कर इलाज के लिए मुकुन्दपुर जू भेज दिया गया है। कुण्डम परियोजना मण्डल के संभागीय प्रबंधक मोहित सूद ने बताया कि कक्ष क्रमांक 453 से गुजरने वाले कटनी-उमरिया हाईवे के किनारे एक तेंदुआ गंभीर हालत में पड़ा मिला। सूचना मिलते ही बड़वारा परिक्षेत्र अधिकारी और कर्मचारी तुरंत मौके पर पहुँचे। निरीक्षण में पाया गया कि किसी अज्ञात वाहन ने तेंदुए को टक्कर मारी है, जिससे वह बुरी तरह घायल हो गया था।

इसके बाद संभागीय प्रबंधक श्री सूद द्वारा इस बारे में वरिष्ठ अधिकारियों को तत्काल अवगत कराया गया और श्री सूद के मार्गदर्शन में संयुक्त रेस्क्यू ऑपरेशन चलाया गया। कटनी वन मण्डल (सामान्य) के अमले के सहयोग से मौके पर जुटी भीड़ को नियंत्रित किया गया। बांधवगढ़ टाइगर रिजर्व के वन्यप्राणी स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. राजेश तोमर को मौके पर बुलाया गया, जिन्होंने तेंदुए को सुरक्षित तरीके से ट्रंक्यूलाईज़ (बेहोश) किया। कटनी वन मण्डल से प्राप्त विशेष ट्रेप केज के जरिए तेंदुए को सुरक्षित पकड़ा गया।

## खबर संक्षेप



### प्याऊ से राहगीरों को मिल रहा शीतल जल

**स्लीमनाबाद।** भीषण गर्मी को देखते हुए आमजन को शुद्ध एवं ठंडा पेयजल उपलब्ध कराने के उद्देश्य से विकासखंड रीठी के ग्राम पिपरिया परोहा में मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद की नवांकुर संस्था युवा सवेरा समिति द्वारा "जल मंदिर (प्याऊ)" की स्थापना की गई। यह पहल जल गंगा संवर्धन अभियान के अंतर्गत की गई है, जिसका मुख्य उद्देश्य जल संरक्षण के साथ-साथ लोगों को राहत प्रदान करना है। कार्यक्रम के दौरान ग्राम के बच्चों, युवाओं एवं बुजुर्गों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और राहगीरों को शीतल जल पिलाकर सेवा भाव का परिचय दिया। इस दौरान "जल ही जीवन है" का संदेश भी दिया गया तथा लोगों को जल संरक्षण के प्रति जागरूक किया गया।समिति के सदस्यों ने बताया कि गर्मी के मौसम में राहगीरों, मजदूरों एवं जरूरतमंद व्यक्तियों को स्वच्छ पेयजल उपलब्ध कराना अत्यंत आवश्यक है। इस प्याऊ के माध्यम से प्रतिदिन बड़ी संख्या में लोगों को राहत मिलेगी। ग्रामीणों एवं उपस्थित जनप्रतिनिधियों ने इस पहल की प्रशंसा करते हुए कहा कि इस प्रकार के सामाजिक कार्य समाज में सहयोग, सेवा एवं जागरूकता की भावना को मजबूत करते हैं। कार्यक्रम के अंत में गोवर्धन रजक, अमर बहादुर यादव परामर्शदाता एवं उपस्थित लोगों ने जल संरक्षण का संकल्प लिया और अधिक से अधिक लोगों को इस अभियान से जुड़ने का आह्वान किया।

### स्टेशन में दो अवैध वेंडरों को पकड़ा गया

**कटनी।** यात्रियों के स्वास्थ्य और सुरक्षा के साथ खिलवाड़ करने वाले अवैध वेंडरों के खिलाफ रेल अधिकारियों ने सघन जांच अभियान चलाया गया, जिसमें दो अवैध वेंडर पकड़े गये। रेलवे के वरिष्ठ अधिकारियों की टीम ने कटनी स्टेशन के विभिन्न प्लेटफार्मों पर औचक निरीक्षण किया। इस दौरान टीम ने स्टेशन परिसर में बिना अनुमति और अवैध रूप से खाद्य सामग्री बेच रहे दो वेंडरों को रंगे हाथों पकड़ा। अधिकारियों को देखकर अवैध वेंडरों में हड़कंप मच गया। पकड़े गए वेंडरों के पास से अवैध रूप से बेची जा रही खाद्य सामग्री को टीम ने तत्काल जब्त कर लिया। इसके साथ ही, रेलवे नियमों का उल्लंघन करने पर उन पर चालानी कार्रवाई की गई और भविष्य में इस तरह की गतिविधि न करने की सख्त हिदायत दी गई। कार्रवाई को रेल प्रशासन की एक संयुक्त टीम ने अंजाम दिया, जिसमें एच.के. शुक्ला, घनश्याम धुर्वे (SMC), बलवेंद्र प्रताप सिंह (CHI) एवं संतोष कुमार आदि शामिल रहे।

### सफाई नहीं होने से नालियों में जमा कचरा



**उमरियापान।** उमरियापान के वार्ड क्रमांक 4 एवं 5 स्थित कुदवारी मोहल्ला में नाली एवं नाले की समस्या दिन-ब-दिन गंभीर होती जा रही है। यहां प्रतिदिन नाले में ऊपर की ओर से बहकर भारी मात्रा में कचरा पहुंच रहा है, जिससे नालियां बार-बार जाम हो जाती हैं। नालियों के जाम होने के कारण गंदा पानी सड़कों के ऊपर से बहने लगता है, जिससे ग्रामीणों की आवाजाही प्रभावित होती है। लोगों को मजबूरी में गंदे पानी के बीच से होकर गुजरना पड़ रहा है। सूचना मिलने पर सफाई कर्मी समय-समय पर आकर कचरा हटाते हैं, लेकिन रोजाना यही स्थिति बनने से समस्या का स्थायी समाधान नहीं हो पा रहा है। ग्रामीणों ने बताया कि इस समस्या को लेकर कई बार ग्राम पंचायत के जिम्मेदारों से शिकायत की गई है और नाले में जाली लगाने की मांग भी रखी गई है, ताकि कचरा आगे न बढ़े और पानी का बहाव बाधित न हो। लेकिन अब तक कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया है। पंचायत सचिव राजकुमार पटेल का कहना है कि नाले में लोग कचरा फेंकते हैं जिससे नाले नाली में पानी जाम होता है। नाले में जाली लगाने की कार्रवाई की जाएगी।

---

कलेक्टर ने साइलो केंद्र का भ्रमण कर किया किसानों से ली व्यवस्थाओं एवं सुविधाओं की ली जानकारी

# कलेक्टर ने दी हिदायत, किसानों को न हो परेशानी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ स्लीमनाबाद



समर्थन मूल्य पर गेहूं उपार्जन कार्य को पारदर्शी, व्यवस्थित एवं किसान-केंद्रित बनाने के उद्देश्य से बहोरीबंद क्षेत्र के सलैया पटोरी में शुरू आधुनिक साइलो केंद्र और रीठी के 3 उपार्जन केन्द्रों रीठी, देवगांव और तिलगवा का कलेक्टर आशीष तिवारी ने गुरुवार को औचक निरीक्षण किया। उन्होंने केंद्र प्रभारियों को गेहूं उपार्जन प्रक्रिया में किसी भी प्रकार की लापरवाही नहीं बरतने और किसानों को हर स्तर पर बेहतर सुविधा उपलब्ध कराने के निर्देश दिये।इस दौरान एसडीएम बहोरीबंद राकेश कुमार चौरसिया, जिला आपूर्ति अधिकारी सज्जन सिंह परिहार, सहायक आपूर्ति अधिकारी पीयूष शुक्ला , मध्यप्रदेश वेयरहाउस एंड लाजिस्टिक कारपोरेशन के जिला प्रबंधक श्री सेंगर मौजूद रहे।कलेक्टर ने निर्देशित किया कि साइलो केंद्र में आने वाले किसानों को किसी प्रकार की असुविधा न हो, इसके लिए सभी व्यवस्थाएं दुरुस्त रखी जाएं। कलेक्टर ने यहां आने वाले किसानों के पंजीयन आदि की सहूलियत के मद्देनजर कंप्यूटर आपरेटर्स की संख्या बढ़ाने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने चिलचिलाती धूप के बावजूद पूरे साइलो केंद्र का भ्रमण किया और गेहूं बेचने यहां आये किसानों से खुलकर चर्चा किया।

किसान अनार सिंह लोधी ने बताया कि नई व्यवस्था से उपार्जन प्रक्रिया पहले की तुलना में अधिक आसान, तेज और व्यवस्थित हो गई है। पटना और अमगवा से गेहूं बेचने पहुंचे किसानों ने बताया कि साइलो केंद्र पर गेहूं उतारने के लिए पल्लेदारों की आवश्यकता नहीं पड़ती। तौल की प्रक्रिया पारदर्शी है और अनावश्यक प्रतीक्षा नहीं करनी पड़ रही।

## किसानों को मिलेंगे ये लाभ

आधुनिक साइलो केंद्र सलैया पटोरी में गेहूं खरीदी शुरू हो जाने से उपार्जन केन्द्रों पर भीड़ में कमी आयेगी।फसल का सुरक्षित एवं वैज्ञानिक भंडारण होगा और तौल एवं परिवहन प्रक्रिया में सुगमता तथा किसानों को समय पर भुगतान सुनिश्चित होने में मदद मिलेगी।आधुनिक साइलो प्रणाली से उपार्जन कार्य में पारदर्शी, व्यवस्थित और किसान-केंद्रित व्यवस्था को और मजबूती मिली है।दो दिनों में यहां 10 हजार क्विंटल गेहूं की खरीदी हो चुकी है।आधुनिक साइलो केंद्र सलैया पटोरी की एक दिन में गेहूं उपार्जन की क्षमता करीब 20 हजार क्विंटल है। यहां से 22 उपार्जन केन्द्रों के संबद्ध करीब साढ़े 6 हजार किसानों का गेहूं खरीदा जायेगा। यहां गेहूं लेकर आने वाले किसानों का ट्रेक्टर ट्राली में ही एफएक्यू गुणवत्ता चेक करने के बाद इसकी सीधे साइलो में तौल की सुविधा इस व्यवस्था को किसान हितैषी और खास बनाती है। इससे किसान भाईयों की उपज की तुलाई में कम समय लगता है इससे किसानों के समय की बचत हो रही है।साइलो केन्द्रों में गेहूँ उपार्जन के लिये पहुंचने वाले किसानों को पहले आओ-पहले पाओ के आधार पर टोकन देकर चेक करते हैं कि स्लॉट बुकिंग हुई है या नहीं।

वितरित टोकन के आधार पर किसान का नंबर आने पर गेहूँ की ट्रॉली साइलो केन्द्र के अंदर बुलाई जाती है। उसके बाद ऑपरेटर रजिस्ट्रेशन करते हैं। गेहूँ का सैंपलिंग होता है और गुणवत्ता परीक्षण करने के बाद क्यूआर कोड निकलता है। जिसे संबंधित ट्रॉली में चिपकाया जाता है। इसके बाद ट्रॉली धर्मकांटा पहुँचती है, जहां स्कैन होकर ट्रॉली का वजन होता है और किसान की फोटो खिंचती है उसके बाद ट्रॉली डंपिंग पिट पहुचती है, जहां गेहूँ खाली किया जाता है। साइलो केन्द्र में 4 बैगर मशीनें उपलब्ध है, जहां बैग भरने का कार्य किया जाता है। इसी प्रकार 10 क्रेन कार्ड मशीने लगी हैं जो डंपिंग पिट से बैग तक ले जाने का कार्य करती है। साइलो केन्द्र प्रबंधक पुष्पेन्द्र पटेल ने बताया कि करीब साढ़े 6 हजार किसान इससे संबंद्ध है। इस साइलो केन्द्र की क्षमता प्रतिदिन करीब 20 हजार क्विंटल गेहूँ उपार्जन की है। दो दिनों में साइलो केन्द्र में अब तक 10 हजार क्विंटल गेहूँ की खरीदी हो चुकी है।

## केन्द्र में रखें सुविधाएं

कलेक्टर ने रीठी के खरीदी केन्द्रों में किसान भाईयों के लिए छायादार स्थान में बैठने और पेयजल की समुचित व्यवस्था की जानकारी प्राप्त की। साथ ही तौल कांटे ,सिलाई मशीन, कंप्यूटर, इंटरनेट, गुणवत्ता परीक्षण उपकरण और उपज की साफ-सफाई के लिए पंखा, छन्ना आदि की व्यवस्थाएं भी यहां की गई हैं।गौरतलब है कि रबी विपणन वर्ष 2026-27 में किसानों से 2585 रूपये प्रति क्विंटल समर्थन मूल्य एवं राज्य सरकार द्वारा घोषित 40 रूपये प्रति क्विंटल बोनस राशि सहित 2625 रूपये प्रति क्विंटल की दर से गेहूँ का उपार्जन किया जा रहा है। किसानों से आग्रह किया गया है कि वे खरीदी केंद्र में साफ-सुथरा गेंहू लायें।उल्लेखनीय है कि जिले के 22 उपार्जन केन्द्रों को सलैया पटोरी साइलो केंद्र से संबद्ध किया गया है। इसमें बहोरीबंद तहसील के 17 खरीदी केंद्र,रीठी तहसील के 3 और स्लीमनाबाद तहसील के 2 उपार्जन केन्द्र शामिल हैं।

---

### धीमी गति से हो रहा टंकी निर्माण कार्य

**उमरियापान।** जल जीवन मिशन योजना के तहत ढीमरखेड़ा जनपद के ग्राम पंचायत पिपरिया शुक्ल में चल रहे निर्माण कार्यों में गंभीर लापरवाही सामने आ रही है। एक करोड़ रुपये से अधिक की लागत से बन रही पानी टंकी और पाइपलाइन विस्तार का कार्य धीमी गति से चल रहा है, जिससे ग्रामीणों को योजना का अपेक्षित लाभ नहीं मिल पा रहा है। जानकारी के अनुसार, ग्रामीण क्षेत्रों में शुद्ध पेयजल उपलब्ध कराने के उद्देश्य से पानी टंकी निर्माण, पाइपलाइन विस्तार और हर घर नल कनेक्शन का कार्य कराया जा रहा है। लेकिन पिपरिया शुक्ल गांव में यह कार्य अधूरा और अव्यवस्थित नजर आ रहा है। टेंडर प्रक्रिया के बाद ठेकेदार द्वारा कार्य शुरू तो किया गया। ग्रामीणों का आरोप है कि पीएचई विभाग की निगरानी में हो रहे इस कार्य में गुणवत्ता का ध्यान नहीं रखा जा रहा है। टंकी निर्माण कार्य मंथर गति से चल रहा है। गांव में पाइपलाइन विस्तार भी अधूरा है। आधे गांव में पाइपलाइन बिछाई गई है, जबकि शेष हिस्से में कार्य शुरू तक नहीं हुआ। "हर घर नल" योजना के तहत भी आधे गांव में ही कनेक्शन दिए गए हैं, जिससे बड़ी संख्या में ग्रामीण योजना के लाभ से वंचित हैं। भीषण गर्मी के चलते जल स्त्रोत सूखने लगे हैं, ग्रामीणों को हैंडपंप और निजी नलकूपों पर निर्भर रहना पड़ रहा है।

---

जनगणना प्रशिक्षण कार्य का कलेक्टर ने किया निरीक्षण

# 270 प्रगणक एवं 38 सुपरवाइजर सीख रहे जनगणना की बारीकियाँ

हरिभूमि न्यूज ▶▶ स्लीमनाबाद



विकासखण्ड मुख्यालय के दो प्रमुख शासकीय विभाग में जनगणना 2026-27 के लिए प्रगणक और सुपरवाइजरों का तीन दिवसीय प्रशिक्षण 20 अप्रैल 2026 से शुरू हो गया है।यह प्रशिक्षण जनगणना प्रक्रिया को सुचारु बनाने के उद्देश्य से आयोजित किया जा रहा है।इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में 270 प्रगणक और 38 सुपरवाइजर भाग ले रहे हैं। जिन्हें मास्टर ट्रेनरों द्वारा जनगणना से संबंधित विभिन्न पहलुओं पर विस्तृत जानकारी प्रदान की जा रही है ताकि उन्हें फील्ड में किसी भी प्रकार की कठिनाई का सामना न करना पड़े।

कलेक्टर आशीष तिवारी ने गुरूवार को बहोरीबंद क्षेत्र के भ्रमण के दौरान सांदीपनी विद्यालय पहुंचकर यहां चल रहे जनगणना प्रशिक्षण कार्य का अवलोकन किया।कलेक्टर ने सांदीपनी विद्यालय में दर्ज छात्रों की संख्या के बारे में जानकारी लिया। प्राचार्य ने बताया कि यहां 809 छात्र दर्ज है और आस-पास के 10 स्कूलों को यहां मर्ज करने की कार्यवाही प्रक्रियाधीन है। इसके बाद यहां नामांकित छात्रों की संख्या में बढ़ोतरी हो जायेगी।एसडीएम राकेश चौरसिया ने प्रशिक्षण का निरीक्षण किया और प्रतिभागियों को चर्चा कर कहा कि सभी लोग पूर्ण मनोयोग से प्रशिक्षण प्राप्त करें और अपनी सभी शंकाओं का समाधान प्रशिक्षण कक्ष में ही कर लें।साथ ही मास्टर ट्रेनरों द्वारा जनगणना के बारे में विस्तार से बताया गया। प्रतिभागियों को एचएलओ ऐप डाउनलोड कराया गया और परिवार के प्रकार, भवन परिसर, आवासीय व गैर-आवासीय मकानों की पहचान और नजरी नक्शा बनाने की विधि के बारे में जानकारी दी गई।इस मौके पर तहसीलदार आशीष अग्रवाल, नायब तहसीलदार राजकुमार नामदेव सहित अन्य कर्मचारी मौजूद रहे। वहीं दूसरी ओर मंगलवार को विकासखण्ड मुख्यालय स्थित शासकीय वीरांगना रानी दुर्गावती महाविद्यालय तथा शासकीय संदीपनी विद्यालय में मास्टर ट्रेनरों द्वारा प्रगणक एवं सुपरवाइजरों को फील्ड ट्रेनर मनोज गर्ग, राकेश विश्वकर्मा, राजेन्द्र प्रसाद उइके और महेन्द्र राय द्वारा प्रशिक्षण दिया गया।

---

## जल्द खुलेगा 40 दुकानों का ताला, प्रक्रिया हुई पूरी



बहोरीबंद विकासखण्ड मुख्यालय में जनपद व विधायक निधि से निर्मित 40 दुकानो का ताला आखिरकार अब 33 माह बाद खुल जायेगा क्योंकि 33 माह के लम्बे अरसे के बाद गुरुवार को विकासखण्ड मुख्यालय स्थित बस स्टैंड परिसर में विधायक निधि एवं जनपद पंचायत से नवनिर्मित सभी 40 दुकानों की नीलामी प्रक्रिया बड़ी गहमागहमी के बीच संपन्न हो गई। जनपद पंचायत के सभागार में एसडीएम राकेश चौरसिया की अध्यक्षता में नीलामी प्रक्रिया ठीक दोपहर 12 बजे से शुरू हुई । वहीं दुकानों की नीलामी प्रक्रिया अनूसूचित जाति,जनजाति , पिछड़ा वर्ग तथा सामान्य वर्ग के लिए आवंटन की गई है ।नीलामी प्रक्रिया में 80 प्रतिभागियों ने भाग लिया था ।जिसमें 40 प्रतिभागियों को न्यूनतम 53 हजार रुपए से अधिकतम 2 लाख रुपए में दुकानें आवंटित कर दी गई है जिन दुकानों का मासिक किराया 1318 रुपए से 1499 रुपए निर्धारित किया गया है ।साथ ही जनपद पंचायत नीलामी प्रक्रिया मध्यप्रदेश पंचायत राज अधिनियम 1993 की धारा 65 के अन्तर्गत बनें संपत्ति के नियम के अधीन हुई । नीलामी प्रक्रिया के दौरान जनपद पंचायत के अध्यक्ष लाल कमल बंसल, जनपद उपाध्यक्ष सोनम राजेश चौधरी,सीईओ अभिषेक कुमार, पंचायत इंस्पेक्टर मोहन सिंह,रीडर विवेक त्रिपाठी,एडीओ राकेश रजक सहित अन्य अधिकारी कर्मचारी के अलावा बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे। 23 अप्रेल 2026 को नीलामी प्रक्रिया मध्यप्रदेश पंचायत राज अधिनियम 1993 की धारा 65 के अंतर्गत बने संपत्ति के नियम अधीन हुई ।

---

# न्याय पाने दर दर भटक रहा किसान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बड़वारा



बड़वारा निवासी किसान परमा सिंह ने कलेक्टर कटनी से लेकर मुख्यमंत्री एवम जनसुनवाई में शिकायत किया है किंतु भूमाफियाओं एवम प्रशासन की सुस्ती के चलते न्याय नहीं मिल पा रहा है। किसान की जमीन से कब्जा हटाने का आदेश बड़वारा तहसील कार्यालय में जारी कर दिया गया है।

किसान परमा सिंह ने बताया कि उनके द्वारा कलेक्टर कटनी कार्यालय में जनसुनवाई में दिनांक 06.05.2025. 13.05.2025 04.11.2025. 18.11.2025, 26.01.2026, 16.01.2026 तक अनेकों बार कलेक्टर कार्यालय में होने वाली शासन की जनहितकारी जनसुनवाई में कई बार शिकायत किये लेकिन हर बार निराश होकर वापस आना पड़ा। 23.03,2026 को मुख्यमंत्री निवास में जाकर भी शिकायत किया किन्तु प्रशासन के द्वारा न्याय नही दिलवाया जा सका। किसान परमा सिंह के अनुसार उनके पास बड़वारा हल्का में भाग 1 एकड़ जमीन खसरा नम्बर 11 में बटांक 11/2 भूमि है। 1 एकड़ जमीन से सन 2008 से लेकर अभी तक कर रहे हैं उन्हीं के बगल के नम्बर पर भूमाफियाओं के द्वारा क्रय की गई जमीन सन 2025 में ली गई एवम उसी के नाप की किसान परमा सिंह की कास्तकारी की जमीन में किसान परमा सिंह का मकान एवम बोर नई नाप से प्रमाणित हो रहा है। कलेक्टर को सौंपी शिकायत में फरियादी किसान परमा सिंह ने लिखा है कि खसरा नम्बर 11 में अभी पूर्व किसानों की लगभग 1/25 एकड़ जमीन हमसे लगी हुई है तथा हमसे लगी हुई 10/1 एवम 11/03 खसरा है जिसका सीमांकन किया गया था जिसमे बन्दोवस्त त्रुटि राजस्व एवम रेल्वे की सीमाओं में भिन्नता का समपित बन्दोवस्त त्रुटि पटवारी प्रतिवेदन के आधार पर आवेदन खारिज किया गया है। भूमि का 11/02 -11/03-10/01लगी हुई भूमि है किन्तु मेरी जमीन की नाप में कब्जा हटवाने हेतु तहसीलदार द्वारा आदेश जारी किया गया है। किसान परमा सिंह ने कलेक्टर को सौंपे शिकायती पत्र में अपनी व्यथा बताते हुए मांग की है कि मेरी आर्थिक स्थिति बेहद दयनीय हो चुकी है मेरे परिवार का भरण पोषण करना सम्भव नही हो पा रहा है मेरे परिवार पर आर्थिक संकट छा गया है।

---

अजाक्स जिलाध्यक्ष ने संबंधित पुलिस कर्मियों पर अपराध दर्ज करने की मांग, आंदोलन की दी चेतावनी

# पुलिस द्वारा बरातियों पर लाठी-डंडे बरसाने की कड़ी निंदा, एसपी से कार्यवाही की मांग

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी

अजाक्स जिलाध्यक्ष अरविंद सिंह धुर्वे ने पुलिस अधीक्षक के अनुपस्थिति में अतरिक्त पुलिस अधीक्षक से मिलकर बताया कि विगत दिनों कटनी शहर के इंद्रानगर में अमदरा से अनुसूचित जाति परिवार की आई हुई बारात पर शादी समारोह के दौरान बारातियों पर पुलिस एवं सिविल ड्रेस में अज्ञात व्यक्तियों द्वारा बर्बरता पूर्वक लाठी-डंडो से पीटा गया है।जहाँ 14 से 15 लोग घायल हुए है जिनमे महिला पुरुष एवं नावालिक बच्चे भी शामिल है, जिनका ईलाज सिविल अस्पताल में चल रहा है।

पुलिस कर्मियों द्वारा बारातियों के साथ अत्यंत अमानवीय एवं बर्वतापूर्ण मारपीट की गई एवं अशोभनीय व्यवहार किया गया जो पूर्णतःअसंवैधानिक दायरे में था, साथ ही बिना किसी ठोस आधार के पुलिस द्वारा लाठियां चलाई गई जिससे कई निर्दोष व्यक्तियों को गंभीर चोटे आई एवं हाथ फेक्चर हुए है। शादी समारोह का माहौल भयभीत में तबदील हो गया, जिससे सम्पूर्ण समाज में डर का वातावरण निर्मित हो गया है जैसा कि मारपीट करने वाले व्यक्ति एवं पुलिस वालों न जानबूझकर इस तरह के मारपीट की घटना को अंजाम दिया गया हैं।

## तत्काल दर्ज की जाये रिपोर्ट

यह कृत्य न केवल मानवीय अधिकारों का उल्लंघन है, बल्कि लोकतांत्रिक व्यवस्था में नागरिकों की स्वतंत्रता एवं गरिमा के विरुद्ध भी है। इस प्रकार की कार्यवाई कानून व्यवस्था बनाए रखने के नाम पर अनुचित एवं अस्वीकार्य है। अजाक्स ने मांग की -- सिविल ड्रेस में मारपीट करने वालों को चिन्हित कर एवं लाठी भांजने वाले पुलिस कर्मियों पर अनुसूचित जाति जनजाति अत्याचार अधिनियम के तहत आपराधिक प्रकरण दर्ज किया जावे।क्योंकि पीड़िता के कहने के उपरांत भी अभी तक उनके खिलाफ रिपोर्ट दर्ज नहीं की गई है I

## तो करेगे आंदोलन

उक्त घटना की निष्पक्ष एवं उच्च स्तरीय जांच कराई जावे तथा लाईन अटैच के स्थान पर मारपीट में संलिप्त पुलिसकर्मियों को निलंबित करते हुये कठोर विभागीय एवं कानूनी कार्यवाही कि जाए जिससे भविष्य में पुनरावृति न होने पाए। इसी प्रकार पीड़ित पक्ष के साथ अमानवीय मारपीट करने वाले पुलिस अधिकारियों की ओर से भी पीड़ित पक्ष राहुल चौधरी एवं अन्य के विरूद्ध मुकदमा दर्ज किया गया है, जो कि पुलिस की सोची समझी दूषित मानसिकता का स्पष्ट द्योतक है।

सम्बंधित पुलिस कर्मियों एवं सिविल ड्रेस में मारपीट करने वालों की शिनाख्त कर तत्काल अपराध दर्ज किया जाये, अपराध दर्ज नहीं होने पर अजाक्स संघ समस्त सामाजिक संगठनों के संयुक्त तत्वाधान में धरना प्रदर्शन एवं आंदोलन करने के लिए बाध्य होगा साथ ही उक्त घटना को भारत शासन, मध्य प्रदेश शासन, मानव अधिकार आयोग, अनुसूचित जाति जनजाति आयोग को सूचित करेगा।

---

स्वच्छ सर्वेक्षण की जमीनी तैयारियों की निगमायुक्त ने की समीक्षा

# आयुक्त ने कर्मचारियों को चेताया, लापरवाही पर होगी कड़ी कार्यवाही

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी



शहर को स्वच्छता के क्षेत्र में अग्रणी बनाए रखने तथा आगामी स्वच्छ सर्वेक्षण में बेहतर प्रदर्शन सुनिश्चित करने के उद्देश्य से नगर निगम आयुक्त सुश्री तपस्या परिहार ने बुधवार शाम स्वच्छता संबंधी विभिन्न कार्यों एवं गतिविधियों की विस्तृत समीक्षा की। इस दौरान उन्होंने संबंधित अधिकारियों एवं कर्मचारियों को सफाई व्यवस्था को और अधिक प्रभावी एवं व्यवस्थित बनाने के निर्देश दिए।

स्वच्छता केवल अंक नहीं, स्वस्थ जीवन का आधार

निगमायुक्त ने स्पष्ट किया कि स्वच्छता केवल सर्वेक्षण में अंक प्राप्त करने का माध्यम नहीं, बल्कि नागरिकों के स्वास्थ्य, पर्यावरण संरक्षण और बेहतर शहरी जीवन का आधार है। उन्होंने डोर-टू-डोर कचरा संग्रहण व्यवस्था को शत-प्रतिशत प्रभावी बनाने तथा प्रत्येक घर एवं प्रतिष्ठान से गीले और सूखे कचरे का पृथक संग्रहण सुनिश्चित करने के निर्देश एम एस डब्लू प्रबंधन को दिए।

## कचरा संग्रहण कार्य में अनियमितता पर सख्ती

बैठक में कचरा संग्रहण वाहनों के समय निर्धारण में अनियमितता की जानकारी मिलने पर निगमायुक्त ने एमएसडब्ल्यू प्रबंधन को आवश्यकता अनुसार वाहनों की संख्या बढ़ाने तथा विशेष रूप से व्यावसायिक क्षेत्रों में रात्रिकालीन कचरा संग्रहण अनिवार्य रूप से सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। ट्रेंचिंग ग्राउंड में वैज्ञानिक पद्धति से कचरा निपटान, नियमित मॉनिटरिंग एवं उपलब्ध संसाधनों के समुचित उपयोग पर जोर दिया। उन्होंने हिदायत दी कि सफाई व्यवस्था में लापरवाही पाए जाने पर संबंधित एजेंसियों पर शुल्क कटौती की कार्रवाई की जाएगी।

## सार्वजनिक स्थलों पर विशेष सफाई व्यवस्था

बाजार क्षेत्रों एवं अन्य सार्वजनिक स्थानों पर विशेष सफाई व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश देते हुए उन्होंने कहा कि स्वच्छ वातावरण ही शहर की सकारात्मक पहचान स्थापित करता है। सोर्स सेग्रीगेशन, आरआरआर सेंटर और जन जागरूकता पर फोकस करने आरआरआर (Reduce, Reuse, Recycle) सेंटर के माध्यम से कचरे के पुनः उपयोग को बढ़ावा देने तथा जन-जागरूकता गतिविधियों के जरिए नागरिकों की भागीदारी बढ़ाने के निर्देश दिए।

## जवाबदेही और नियमित मॉनिटरिंग आवश्यक

समीक्षा के दौरान स्वच्छ सर्वेक्षण के सभी मापदंडों के अनुरूप कार्यों की नोडल अधिकारियों द्वारा नियमित निगरानी, कमियों का त्वरित निराकरण तथा प्रत्येक स्तर पर जवाबदेही सुनिश्चित करते हुए सफाई उपरांत स्थल में गंदगी न हो इस बात पर विशेष ध्यान रखने के निर्देश भी स्वास्थ्य अमले को दिए। निगमायुक्त सुश्री परिहार ने नागरिकों से अपील करते हुए कहा कि स्वच्छता एक सतत जन आंदोलन है, जिसमें प्रत्येक व्यक्ति की भागीदारी आवश्यक है। "मेरा शहर, मेरी जिम्मेदारी" की भावना के साथ ही स्वच्छ एवं स्वस्थ शहर का निर्माण संभव है।

---

### 95 हजार रूपये की सामग्री ले गये चोर

**कटनी।** ढीमरखेड़ा थाना क्षेत्र के ग्राम खमरिया बागरी में घर में घुसकर चोरो ने जेवर व नकदी चोरी कर ली। फरियादिया मन्ना बाई कुम्हार ने पुलिस को बताया कि 21 अप्रैल की रात करीब 10:30 बजे वह अपने घर में थीं, तभी अज्ञात चोरों ने वारदात को अंजाम दिया। चोरों ने जेवरात और नकदी कुल 95,000 रुपये की संपत्ति पार कर दी है। 22 अप्रैल की दोपहर ढीमरखेड़ा पुलिस ने मामले की एफआईआर दर्ज कर चोरो की पतासाजी का प्रयास किया जा रहा है

---


## कार्यालय ग्राम पंचायत बछरवारा

जनपद पंचायत बड़वारा जिला-कटनी (म.प्र.)

क्र./ 01/जी.पी./2026 दिनांक -23/04/2026

**निविदा आमंत्रण सूचना**

वित्तीय वर्ष 2026-2027 हेतु दिनांक 24.04.2026 से 31.03.2027 तक की अवधि के लिए, कार्यालय ग्राम पंचायत बछरवारा, जनपद पंचायत बड़वारा, जिला-कटनी हेतु निम्नलिखित कार्यों एवं सामग्री की आपूर्ति हेतु पात्र विक्रेताओं/ सप्लायरों से सीलबंद निविदाएँ आमंत्रित की जाती हैं।

| क्रमांक | कार्य का विवरण |
|---|---|
| 1 | निर्माण कार्य - सी0सी0 रोड निर्माण, नाली निर्माण, भवन निर्माण, तार फेसिंग कार्य, कार्य एवं अन्य कार्य हेतु |
| 2 | निर्माण सामग्री - रेता, लोहा, सीमेंट, गिट्टी, ईंट, मुरूम, टाईल्स, मार्बल, पाइप, बोल्डर, चीप दासा, एवं अन्य भवन निर्माण सामग्री |
| 3 | फर्नीचर - |
| 4 | इलेक्ट्रानिक सामग्री - कम्प्यूटर, प्रिंटर, लैपटॉप एवं अन्य सामग्री |
| (4) | स्टेशनरी सामग्री |

इच्छुक व्यक्ति/फर्म अपनी निविदा निर्धारित कार्यालीन समय में व्यक्तिगत रूप से अथवा पंजीकृत डाक/कूरियर के माध्यम से बंद लिफाफा में सरपंच ग्राम पंचायत भवन या कार्यालय में प्रस्तुत कर सकते हैं।

(छुन्नी बाई कोल - सरपंच) ( सचिव - ग्राम पंचायत बछरवारा)

## खबर संक्षेप

### छिर्रहा बांध में डूबे 12 वर्षीय बालक का शव बरामद, एसडीईआरएफ की कड़ी मेहनत लाई रंग

**पवई।** थाना पवई अंतर्गत ग्राम करही के समीप स्थित छिर्रहा बांध में डूबे 12 वर्षीय बालक का शव गुरुवार को बरामद कर लिया गया। घटना के बाद से ही परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। प्राप्त जानकारी के अनुसार शिवम चौधरी (12) पिता बृजेश चौधरी, निवासी करही, बुधवार दोपहर लगभग 12 बजे अपने साथियों के साथ बांध में नहाने गया था।नहाते समय अचानक तेज हवा के कारण वह गहरे पानी में चला गया और डूबने लगा। साथियों ने उसे बचाने का प्रयास किया, लेकिन सफलता नहीं मिल सकी। घटना की सूचना मिलते ही परिजन एवं ग्रामीण मौके पर पहुंचे और स्थानीय स्तर पर तलाश शुरू की, परंतु सफलता नहीं मिलने पर पवई पुलिस एवं एसडीईआरएफ टीम को सूचना दी गई। सूचना पर उप निरीक्षक सत्यपाल जैन के नेतृत्व में एसडीईआरएफ की टीम दोपहर लगभग 2 बजे मौके पर पहुंची और सर्च ऑपरेशन शुरू किया, लेकिन पहले दिन सफलता नहीं मिल पाई। गुरुवार सुबह एक बार फिर सघन तलाशी अभियान चलाया गया, जिसमें लगभग 20 से 21 घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद बालक का शव बरामद किया गया। पुलिस द्वारा पंचनामा कार्रवाई कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया, जहां से अंतिम संस्कार हेतु परिजनों को सौंप दिया गया। इस दर्दनाक घटना से पूरे गांव में शोक की लहर है, वहीं परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है।

### 55 वर्षीय अधेङ ने मोबाईल टावर पर फांसी लगाकर दे दी जान

**पन्ना।** शाहनगर मुख्यालय के बोरी रोङ स्थित एक निजी कंपनी के मोबाईल टावर पर चढकर 55वर्षीय अधेङ ने नायलोन की रस्सी से लटककर अपनी जॉन दे दी। मामले की परिजनों को जब लगी जब गूरूवार की सुबह तङके 5 बजे पङोसी शौच के लिये घर से निकले तो म्रतक के जूते और तौलिया और प्लास्टीक का ङिब्बा टावर के नीचे पाये गये और म्रतक नत्थू प्रजापति पिता धम्मु प्रजापति टावर मे 3फुट ऊपर लटका हुआ था परिजनो ने तत्काल सूचना शाहनगर पुलिस को दी जानकारी मिलते ही टीआई परसुराम डाबर प्रधान आरक्षक धर्मेन्द्र हरदिनिया आरक्षक राकेश सिंह ऐश्वर्य प्रताप सिंह और सोहन भिलाला मौके स्थल पर पहूचे और पंचनामा कार्यवाही उपरांत पाई गयी आवश्यक म्रतक से जुङी चीजों को जप्त कर शव का परिक्षण किया गया जहा जेब मे टेबलेट का पत्ता भी पाया गया है ततपश्चात शव को मर्चुरी केन्द्र ले जाया गया जहां डॉ सर्वेश लोधी ने पीएम कार्यवाही की पुलिस ने लाश परिजनो को सोप दी म्रतक के परिजनों ने पुलिस से बताया की लम्बे अर्से से बीमार म्रतक चल रहा था।

### बेरा में कांग्रेस का प्रदर्शन : उग्र आंदोलन की दी चेतावनी

# किसानों की समस्याओं को लेकर मुख्यमंत्री के नाम तहसीलदार को सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जबेरा




गुरुवार को जबेरा विधानसभा क्षेत्र के ग्राम जबेरा में भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के कार्यकर्ताओं और किसानों ने बस स्टैंड पर जोरदार प्रदर्शन किया। किसानों की विभिन्न समस्याओं को लेकर आयोजित इस प्रदर्शन के दौरान मुख्यमंत्री के नाम तहसीलदार सोनम पांडे को ज्ञापन सौंपा गया। ज्ञापन में किसानों की बिगड़ती आर्थिक स्थिति पर गहरी चिंता जताते हुए कहा गया कि प्रदेश के किसान कई गंभीर समस्याओं से जूझ रहे हैं, लेकिन शासन-प्रशासन द्वारा लगातार अनदेखी की जा रही है। कार्यकर्ताओं ने उम्मीद जताई कि मुख्यमंत्री स्वयं हस्तक्षेप कर जल्द राहत प्रदान करेंगे। ज्ञापन के माध्यम से मुख्यमंत्री के समक्ष किसानो की निम्नलिखित मांगे रखी गई। किसानों ने भाजपा सरकार के ऊपर आरोप लगाया कि वर्ष 2026-27 की फसल खरीदी एक माह देरी से शुरू हुई, जिससे उन्हें मजबूरी में अपनी उपज व्यापारियों को कम दामों पर बेचनी पड़ी। बिजली आपूर्ति को लेकर भी नाराजगी जताते हुए कहा गया कि 10 घंटे सप्लाई के वादे के बावजूद केवल 6-7 घंटे ही बिजली मिल रही है। इसके अलावा किसानों ने गेहूं 2700 रुपये और धान 3100 रुपये प्रति क्विंटल खरीदने के वादे से सरकार के पीछे हटने का आरोप लगाया। मंडियों में पल्लेदारी शुल्क की वसूली को किसानों से जबरन वसूलने को अनुचित बताते हुए इसे समिति द्वारा वहन करने की मांग की गई। इसके अलावा। ज्ञापन में प्राकृतिक आपदाओं, विशेषकर अचानक वर्षा से प्रभावित फसलों की गुणवत्ता को ध्यान में रखते हुए खरीदी करने की मांग की गई। स्लॉट बुकिंग में तकनीकी खामियों और समितियो द्वारा जबरन किसानों से कथित अवैध वसूली का मुद्दा भी प्रमुखता से उठाया गया। किसानों ने कहा कि समय पर फसल खरीदी शुरू न होने के कारण ऋण चुकाने में देरी हुई और कई किसान डिफॉल्टर हो गए। ऐसे किसानों को राहत और मोहलत देने की मांग की गई। खाद वितरण व्यवस्था को अव्यवस्थित बताते हुए समय पर पर्याप्त खाद उपलब्ध कराने और प्रणाली में सुधार की मांग की गई। साथ ही, फसल क्षति का सैटेलाइट के माध्यम से आकलन कर शीघ्र मुआवजा देने की बात भी कही गई।

#### सरकार के दावों पर सवाल

कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने सरकार के किसानों की आय बढ़ाने के दावों पर सवाल उठाते हुए कहा कि खेती की लागत लगातार बढ़ रही है, जबकि फसलों का उचित मूल्य नहीं मिल रहा, जिससे किसानों की आर्थिक स्थिति कमजोर होती जा रही है।

#### आंदोलन की चेतावनी

अंत में कार्यकर्ताओं ने चेतावनी दी कि यदि जल्द समस्याओं का समाधान नहीं हुआ, तो आंदोलन को और उग्र किया जाएगा। इस दौरान जिला कांग्रेस किसान कमेटी अध्यक्ष अमर सिंह, कांग्रेस महिला जिलाध्यक्ष रजनी ठाकुर, कांग्रेस ब्लॉक अध्यक्ष ओम प्रकाश शर्मा, किसान कांग्रेस ब्लॉक अध्यक्ष राजकुमार सिंह लोधी, कांग्रेस जिला उपाध्यक्ष गोविंद तिवारी, जिला कांग्रेस उपाध्यक्ष अखिलेश सोनी, संग्रामपुर मंडल अध्यक्ष गोलू विश्वकर्मा,खमरिया मंडल अध्यक्ष भगवत लोधी, महिला ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष अनीता विश्वकर्मा, दीपक यादव, नितिन मिश्रा,गोलू राय ,सौरभ यादव सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता और किसान उपस्थित रहे।

# बिजोरी गांव की घटना पर कार्यवाही हेतु सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हटा



बिजौली पाठक गांव में हुई अहिरवार समाज के दूल्हे की घोड़ी से रछवाई होने पर गांव के दबंगों (सवर्णो) ने दूल्हे को घोड़ी से उतार कर दूल्हे एवं उसकी बहिन व अन्य मौजूद लोगों के साथ छुआछूत की भावना से मारपीट करने की घटना के संबंध में सूर्यवंशी अहिरवार जाटव समाज समिति संगठन दमोह के अध्यक्ष भगवान दास चौधरी ने संगठन के पदाधिकारियों एवं सदस्यों के साथ हटा थाना पहुंचकर थाना प्रभारी सुधीर कुमार बेगी को ज्ञापन सौंपकर कड़ी कार्रवाई की मांग की। ज्ञापन में बताया गया कि ग्राम बिजोरी पाठक में संगठन के प्रतिनिधि मंडल द्वारा मौके पर जाकर पीड़ित परिवार एवं समाज के व्यक्तियों से घटना की जानकारी ली गई जो प्रत्यक्ष दर्शी लोगों के द्वारा बताया गया वे बाते दिल को छूने वाली थी दूल्हे को घोड़ी से उतारकर जाति सूचक शब्द बोलते हुए दूल्हे के साथ मारपीट की, उसकी बहिन के साथ भी मारपीट की और जो लोग साथ में थे उनको भी मां बहिन की गंदी-गंदी गालियां देते हुये मारपीट की गई जापान में उल्लेख किया गया कि क्या यही अनुसूचित जाति (दलित) वर्ग के लिये स्वतंत्र व नया भारत है, क्या भारतीय संविधान में यही व्यवस्था है। संगठन के लोगों द्वारा घटना की सूक्ष्मता से जांच कराई जाकर कठोर कार्यवाही करने की मांग की गई ताकि अन्य ग्रामों में इस तरह की घटना की पुनरावृत्ति न हो सके।

## पंचवटी मंदिर में जल चढाने एवं छत पर खेल रही बच्ची पर बंदर ने किया हमला

**तेंदूखेड़ा।** नगर में लाल मुंह के बंदर का आतंक बढ़ता ही जा रहा हैं गुरूवार को बंदर ने दो बच्चियों को काट लिया पहली बच्ची बबली साहू 12 निवासी ब्लांक कालोनी सुबह पंचवटी मंदिर में जल चढाने गई थी उसी समय बंदर ने पीछे से हमला कर हाथ में काट लिया। धैर्या पिता देवेंद्र जैन 6 वार्ड नंबर 11 की निवासी है बच्ची अपने घर की छत पर खेल रही थी तभी अचानक से लाल मुंह के बंदर के द्वारा अचानक उस पर हमला कर जख्मी कर दिया जैसे ही बंदर ने हमला किया बच्ची जोर से चिल्लाई जिससे बंदर तुरंत भाग गया बच्चों के पिता देवेंद्र जैन उसे तुरंत सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र तेंदूखेड़ा लेकर आए जहां डॉक्टर प्रियांशु द्वारा प्राथमिक उपचार कर एंटी रैबीज इंजेक्शन लगाया गया पिता देवेंद्र जैन बताया कि बंदर की शिकायत पिछले साल भी की गई थी फॉरेस्ट विभाग को लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई न ही बंदर को पकड़ा गया। डायल 181 पर शिकायत करने पर भी कोई हल नहीं निकला बंदरों का आतंक बढ़ता ही जा रहा है पिछले 1 साल में करीब दो दर्जन से ज्यादा लोगों को वह घायल कर चुका है लेकिन शासन प्रशासन पर ध्यान नहीं दे रहा है। लाल मुंह के बंदर को वन विभाग के अधिकारी कहते हैं कि लाल मुंह का बंदर हमारे वन विभाग के अंतर्गत नहीं आता हैं इस पर नगर परिषद कार्यवाही करेंगी। नगर परिषद सीएमओ प्रेमसिंह चैहान ने कहा कि जल्द ही बंदर पकडने वाली टीम को बुलवाते हैं पूर्व से ही वार्ड 11 में बंदर पकडने का पिंजरा रखा हुआ हैं लेकिन बंदर पकड में नहीं आ रहा हैं। टीम को देखकर भाग जाता हैं।

## भागवत कथा के प्रथम दिन नगर में निकाली गई भव्य कलश यात्रा



हरिभूमि न्यूज ▶▶ तेंदूखेडा

नगर के आरूष किड्स स्कूल में आयोजित श्रीमदभागवत कथा के प्रथम दिन गुरूवार को नगर में भव्य कलश यात्रा निकाली गई। भागवत कथा का आयोजन सीता सोनी परिवार के द्वारा कराया जा रहा हैं। कलश यात्रा में सबसे आगे युवा अश्व पर ध्वज लेकर बैठे थे। महिलाएं पीले वस्त्रों में घट सिर पर रखकर चल रही थी। नगर परिषद के द्वारा मार्ग में पानी डलवाया जिससे भक्तों को सडक गर्म न लगे। इसके अलावा बग्गियों में राधे कृष्ण की मनमोहक झांकी के साथ कथा वाचक पंडित प्रेमनारायण शास्त्री विराजमान थे। शोभायात्रा आरूष स्कूल से तारादेही तिराहा, राम मंदिर, ज्वाला मंदिर, खकरिया मार्ग से होते हुए वापिस कथा स्थल पहुंची साथ ही महापुराण भागवत कथा का वेद व्यास गद्दी पर विधी विधान से स्थापना की गई एवं प्रथम दिवस पर पंडित प्रेमनाराण शास्त्री ने महात्मा चर्चा भागवत कथा सुनाई साथ ही राधे राधे के मधुर भजनों पर संपूर्ण श्रोता झूम उठे।

## विधायक ने सायलो केंद्र का किया शुभारंभ



**हटा।** प्रदेश सरकार द्वारा किसानों का गेहूं समर्थन मूल्य पर खरीदने के हेतु हिनौता कलां के नकटी चौराहा पर साएलो केंद्र विधायक उमादेवी खटीक ने किसान मोर्चा के प्रांतीय महामंत्री गोपाल पटेल एवं अन्य भाजपा पदाधिकारीयों के साथ पूजन अर्चन कर किसानों का पुष्प माला पहनाकर स्वागत करते हुए फीता काटकर शुभारंभ किया। विधायक उमादेवी खटीक ने धर्मकांटे की पूजा-अर्चना कर साएलो केन्द्र परिसर में वृक्षारोपण किया। इस दौरान साएलो केंद्र के संचालक राहुल तिवारी ने बताया कि कंप्यूटर पर समितियों के नाम नहीं आ रहे है इसलिए गेहूं की तोल में देरी हो रही है। शीघ्र ही समस्या का समाधान अधिकारियों द्वारा किया जा रहा है। विधायक ने सायलों केन्द्र प्रभारी को निर्देश देते हुए कहा कि किसानों को किसी भी प्रकार की असुविधा न हो और उनका माल समय पर तौला जाए एवं परिसर में किसानों को बैठने लिए समुचित छाया एवं शीतल जल की व्यवस्था की प्रबंध किए जाएं। इस दौरान वरिष्ठ भाजपा नेता बहादुर पटेल किसान मोर्चा के जिला उपाध्यक्ष हरिनारायण चौकरया, मंडल अध्यक्ष गोपाल पटेल, जिला सदस्य मनीष तंतुवाय, पूर्व मंडल अध्यक्ष राजा वीर चौहान, महामंत्री जयकुमार असाटी सहित अन्य कार्यकर्ताओं की उपस्थिति रही।

# अभाविप ने किया जल मंदिर का शुभारंभ

### विद्यार्थियों और राहगीरों को मिलेगा शीतल जल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हटा



भीषण गर्मी के बीच आमजन एवं विद्यार्थियों को राहत प्रदान करने की दिशा में एक सराहनीय पहल करते हुए अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद (अभाविप) जिला दमोह की नगर इकाई हटा द्वारा सेवार्थ विद्यार्थी गतिविधि के अंतर्गत गुरुवार को शीतल पेयजल की व्यवस्था हेतु ₹जल मंदिर₹ का शुभारंभ किया गया। इन प्याऊ के शुरू होने से जहां ग्रामीण अंचलों के साथ-साथ मुख्य सड़क से गुजरने वाले राहगीरों को भीषण गर्मी में शीतल जल सुलभ हो सकेगा, वहीं इस जनसेवा कार्य की क्षेत्र में व्यापक सराहना हो रही है। कार्यक्रम के दौरान वक्ताओं ने कहा कि तपती गर्मी में प्यासे को पानी पिलाना सबसे बड़ा पुण्य कार्य है और यह सेवा सीधे ईश्वर की सेवा के समान है।

इस पुनीत पहला का शुभारंभ शासकीय महाविद्यालय हटा के प्राचार्य श्री मुकेश कुमार अहिरवार, नगर अध्यक्ष डॉ. विनय कुमार वर्मा, राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ से खंड कार्यवाह मुकेश साहू, नगर कार्यवाह अवधेश उपाध्याय की गरिमामयी उपस्थिति में किया गया। कार्यक्रम में परिषद के कार्यकर्ताओं एवं विद्यार्थियों ने बढ़-चढ़कर सहभागिता निभाई। इस सेवा कार्य के माध्यम से अभाविप ने समाज के प्रति अपनी जिम्मेदारी निभाते हुए जनसेवा का उत्कृष्ट उदाहरण प्रस्तुत किया। अभाविप द्वारा "पंच परिवर्तन" के माध्यम से समाज में सकारात्मक बदलाव लाने का संकल्प लिया गया है, जिसमें—स्व का बोध, कुटुंब प्रबोधन, नागरिक कर्तव्य, सामाजिक समरसता एवं पर्यावरण संरक्षण जैसे मूल्यों को अपनाकर राष्ट्र निर्माण में योगदान देने का आह्वान किया गया।अभाविप का यह प्रयास न केवल सेवा भाव को दर्शाता है, बल्कि समाज को जागरूक एवं संगठित करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम भी है।

इस अवसर पर प्रांत एसएफएस सह संयोजक अजीत विश्वकर्मा ,प्रांत कार्यकारिणी सदस्य मोही हजारी, शांतनु खटीक,पृथ्वी राजपुत ,सोमिल जैन, श्रेयान्स नामदेव, शिवांस शर्मा सहित कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## दमोह साहित्य महोत्सव एवं पुस्तक मेला का भव्य आयोजन आज से

**दमोह।** जिला प्रशासन दमोह महिला एवं बाल विकास विभाग, स्कूल शिक्षा विभाग तथा अज़ीम प्रेमजी फ़ाउंडेशन के संयुक्त तत्वावधान में आज 24 से 26 अप्रैल 2026 तक बेलाताल पार्क में "दमोह साहित्य महोत्सव एवं पुस्तक मेला" का भव्य आयोजन किया जा रहा है। यह आयोजन प्रतिदिन प्रातः 10 बजे से रात्रि 8 बजे तक संचालित होगा। तीन दिवसीय इस महोत्सव का उद्देश्य जिले में पठन-पाठन की संस्कृति को बढ़ावा देना, स्थानीय साहित्य एवं कला को मंच प्रदान करना तथा बच्चों एवं युवाओं को रचनात्मक गतिविधियों से जोड़ना है। इस महोत्सव के अंतर्गत शिक्षक सेमीनार, पुस्तक मेला, युवाओं के लिए करियर एवं एजुकेशन काउंसलिंग, समसामयिक विषयों पर विमर्श, काव्य गोष्ठी, ग़ज़ल संध्या, ओपन माइक, कबीर गायन एवं बुंदेली लोकगीत जैसे विविध कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। इस आयोजन में विशेष आकर्षण देश के प्रतिष्ठित प्रकाशन संस्थानों यथा वाणी प्रकाशन, राजकमल प्रकाशन, हिंद युग्म, एकलव्य, नेशनल बुक ट्रस्ट तथा अन्य प्रमुख प्रकाशकों की सहभागिता रहेगी, जिनकी पुस्तकों के माध्यम से पाठकों को उत्कृष्ट साहित्य एक ही स्थान पर उपलब्ध होगा। समस्त नागरिकों, विद्यार्थियों, शिक्षकों एवं साहित्य प्रेमियों से अपील की गई है, समृद्ध सांस्कृतिक परंपरा को सशक्त बनाने में अपनी सहभागिता सुनिश्चित की जाये।

## प्रतिभाशाली विद्यार्थियों का किया गया सम्मान



**दमोह।** शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय मुड़िया में बोर्ड परीक्षा कक्षा 12 वी कला संकाय एवं विज्ञान संकाय के प्रतिभाशाली विद्यार्थियों का सम्मान समारोह आयोजित किया गया जिसमें विज्ञान संकाय से कुमारी दुर्गा राजपूत 90 प्रतिशत, ललित अहिरवार 86 प्रतिशत, आदित्य तिवारी, दुर्गा पटेल, आरती पटेल, योगेश पटेल, शक्ति ठाकुर, कविता लोधी, लक्ष्मी पटेल, निधि पटेल, लखन पटेल एवं कला संकाय से रक्षा राजपूत 83 प्रतिशत, सोमवती दुबे, चतुर्भुज कुर्मी, रेवती लोधी, भगवती लोधी को विद्यालय के शिक्षक नरेश पटेल उच्च माध्यमिक शिक्षक द्वारा नगद राशि 1000 एवं विद्यालय की ही शिक्षिका श्रीमती यशोदा राज द्वारा नगद राशि 500 की प्रदाय की गई साथ ही शाला की प्राचार्य मैडम अजीता मिश्रा द्वारा श्रीफल भेंट किया गया। कार्यक्रम में ग्राम के गणमान्य नागरिकों के साथ विद्यार्थियों के पलक भी उपस्थित हुए कार्यक्रम का सफल संचालन शाला के शिक्षक रूपचंद पटेल द्वारा किया गया। अंत में सभी का आभार शाला की प्राचार्य श्रीमती अजीता मिश्रा मेड़म द्वारा किया गया।

# भारतीय मजदूर संघ ने कलेक्टर को सौंपा मांग पत्र




**दमोह।** भारतीय मजदूर संघ जिला दमोह द्वारा जिले के समस्त आउटसोर्स कर्मचारी की विभिन्न मांगों को लेकर 17 सूत्रीय मांग पत्र प्रदेश के माननीय मुख्यमंत्री जी को जिलाधीश महोदय के माध्यम से सौपा गया। ज्ञापन में प्रमुख रूप से भारतीय मजदूर संघ के विभाग प्रमुख धर्मेंद्र चौबे, जिलाध्यक्ष प्रवीण तिवारी, जिला मंत्री देवेंद्र चौबे, प्रदेश आईटी सेल के प्रभारी बाबूलाल विश्वकर्मा, राज्य कर्मचारी संघ के जिला सचिव संजीव तिवारी, आउटसोर्स कर्मचारी संघ के जिला अध्यक्ष लोकेश तिवारी, आशुतोष उपमन्यु, नितेश तिवारी नीरज चौरसिया, शुभम राठौड़, पारस ताम्रकार, सुनील साहू, रमाकांत मिश्रा, पुष्पेंद्र लोधी, बिजली कर्मचारी संघ के आउटसोर्स कर्मचारी अजय मिश्रा, आशीष गर्ग, आनंद लखेरा, मनोहर आठिया, आकाश सेन, संविदा स्वास्थ्य कर्मचारी संघ के जिला अध्यक्ष संदीप चौबे, महामंत्री दम्मू रजक, कलाकार यूनियन संघ के पुरुषोत्तम शर्मा, नारायण चक्रवर्ती, ग्रामीण आजीविका मिशन कपिल शर्मा, कृषि ग्रामीण मजदूर संघ के सोमनाथ यादव महेंद्र सैनी भारी संख्या में आउटसोर्स कर्मचारी की उपस्थिति में ज्ञापन सौपा गया।

## जनगणना के द्वितीय चरण प्रशिक्षण का हुआ समापन

**दमोह।** जनगणना 2027 के अंतर्गत मकान सूचीकरण एवं मकान गणना का कार्य एक मई से 30 मई तक किया जाना है इसके लिए विभिन्न स्तरों पर प्रशिक्षण अप्रैल माह में किया जा रहे हैं, द्वितीय चरण का प्रशिक्षण 21 अप्रैल से प्रारंभ होकर 23 अप्रैल को समाप्त हो गया इस दौरान प्रगणकों एवं सुपरवाइजर को नजरी नक्शा तैयार करने, स्वगणना करने **HLO** एप का संचालन तथा उत्तरदाताओं से विभिन्न उत्तर दाता से पूछें जाने वाले 33 प्रश्नों पर सूक्ष्मता से प्रशिक्षण प्रदान किया गया। पॉलिटेक्निक कॉलेज में दमोह ग्रामीण के प्रगणक तथा सुपरवाइजर का प्रशिक्षण मास्टर ट्रेनर मोहन राय, दिलीप जोशी, मंगल सिंह, इरफान खान, विपिन तिवारी एवं बहादुर सिंह ठाकुर द्वारा अलग-अलग कक्षाओं में प्रदान किया। गुरुवार को प्रशिक्षण का निरीक्षण अतिरिक्त जनगणना अधिकारी अपर कलेक्टर मीना मसराम एवं राज्य स्तरीय मास्टर ट्रेनर मुकेश द्विवेदी द्वारा किया गया तथा सभी को स्व-गणना करने हेतु निर्देशित किया।

# कृषि आदान व्यापारियों का देशव्यापी बंद 27 अप्रैल को

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दमोह

देश के खाद, बीज एवं कीटनाशक व्यापारियों के राष्ट्रीय संगठन ऑल इंडिया एग्रो इनपुट डीलर एसोसिएशन के आव्हान पर 27 अप्रैल 2026 को देश के समस्त खाद, बीज एवं कीटनाशक व्यापारी एक दिन के सांकेतिक हड़ताल पर रहेंगे। संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष मनमोहन कलन्त्री ने बताया कि खाद, बीज एवं कीटनाशक व्यापारियों की विभिन्न समस्याओं को लगातार राज्य एवं केंद्र सरकारो के सामने उठाए जाने के बाद भी निराकरण नहीं किए जाने के विरोध में महाराष्ट्र राज्य संगठन (माफड़ा) द्वारा 27 अप्रैल से अनिश्चितकालीन बंद का आवाहन किया गया है। उसके समर्थन में देश के सभी राज्यों में खाद, बीज एवं कीटनाशक व्यापारी एक दिन की सांकेतिक हड़ताल पर रहेंगे। उपरोक्त जानकारी देते हुए संगठन के राष्ट्रीय प्रवक्ता संजय रघुवंशी ने बताया कि जिन मुद्दो को लेकर यह सांकेतिक हड़ताल की जा रही है उनमें उर्वरकों में डीलर मार्जिन को डेढ़ प्रतिशत से बढ़कर कम से कम 8 प्रतिशत किया जाना। भारत सरकार की नीति के अनुसार रिटेलर के गोदाम तक थ्व्द उर्वरकों की पहुंच उपलब्ध करवाना। खाद बीज एवं कीटनाशक के सैंपल फेल होने पर निर्माता एवं उत्पादक कंपनियों पर कार्रवाई करना एवं व्यापारी को गवाह के रूप में प्रस्तुत करना। साथी पोर्टल के माध्यम से लागू के लिए जाने वाली बीज विक्रय योजना को उत्पादक कंपनियां तक ही सीमित रखना। निर्माता कंपनियों द्वारा उर्वरकों के साथ की जा रही अन्य उत्पादों की जबरन टैगिंग को पूर्ण रूप से बंद करना। देश में लागू की जा रही ई टोकन प्रणाली को स्थगित करना। आदि अनेक मुद्दों पर लगातार संवाद किए जाने के बाद भी समस्याओं का निराकरण नहीं होने के कारण उपरोक्त एकदिवसीय हड़ताल अभी सांकेतिक रूप से की जा रही है जिसमें प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नाम प्रत्येक तहसील, विकासखंड एवं जिला स्तर पर बंद करके जुलूस निकाल कर ज्ञापन दिए जाएंगे और यदि एक माह में इन समस्याओं पर कोई ठोस निर्णय नहीं लिया जाता है तो आगामी खरीफ सीजन के पूर्व अनिश्चितकालीन हड़ताल की घोषणा भी की जा सकती है। प्रदेश अध्यक्ष मानसिंह राजपूत ने प्रदेश के समस्त खाद, बीज एवं कीटनाशक व्यापारियों से अपील की है कि वह 27 अप्रैल को 1 दिन के बंद के आह्वान में पूर्ण रूप से सहयोग करें एवं अपने कृषि आदान व्यापार को भविष्य में जिंदा रखने का जो प्रयास और इंडिया संगठन द्वारा किए जा रहे हैं उसमें सहयोग प्रदान करें।

# हमारी शक्ति, हमारा ग्रह थीम पर बनवार विद्यालय में मनाया पृथ्वी दिवस

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बनवार



पृथ्वी दिवस के अवसर पर शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बनवार में गुरुवार को विविध कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत सुबह 7:30 बजे "हमारी शक्ति, हमारा ग्रह" थीम के साथ हुई, जिसमें छात्र-छात्राओं और शिक्षकों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया।

कार्यक्रम के प्रथम चरण में नवीकरणीय ऊर्जा के प्रति जागरूकता फैलाने और सिंगल यूज प्लास्टिक उन्मूलन के उद्देश्य से विद्यालय परिसर में श्रमदान किया गया। इस दौरान विद्यार्थियों ने हाथों में तख्तियां लेकर मानव श्रृंखला बनाई और रैली निकालकर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। साथ ही परिसर में वृक्षारोपण भी किया गया। द्वितीय चरण में छात्रों ने सौर ऊर्जा, जल संरक्षण, ऊर्जा बचत और पर्यावरण सुरक्षा विषयों पर आकर्षक चित्र एवं स्लोगन प्रस्तुत किए। कार्यक्रम में बुंदेली और राजभाषा हिंदी में पर्यावरण गीतों की मनमोहक प्रस्तुतियां भी दी गईं। इस अवसर पर श्रीमती प्रतिभा त्रिपाठी ने अपने संबोधन में कहा कि पृथ्वी को सुरक्षित रखने के लिए हमें अपनी दैनिक आदतों में बदलाव लाना होगा, जैसे जल की बचत, सार्वजनिक परिवहन का उपयोग और पर्यावरण हितैषी जीवनशैली अपनाना। श्री नरेंद्र पटैल ने कहा कि जनजागरूकता के बिना वृक्षारोपण अभियान सफल नहीं हो सकता। वहीं राजपूत सर ने वृक्षारोपण को धरती माता का श्रृंगार बताया। प्राचार्य धर्मेन्द्र अहिरवाल ने जैव विविधता के संरक्षण पर जोर देते हुए कहा कि विभिन्न वनस्पतियों और वन्य जीवों के संरक्षण से पारिस्थितिकी तंत्र मजबूत होता है। कार्यक्रम समन्वयक दयाराम पटैल ने कहा कि छोटे-छोटे प्रयासों से ही ऊर्जा, जल और वृक्षों का संरक्षण संभव है। कार्यक्रम के अंत में प्रतिभागियों को प्रमाणपत्र एवं पुरस्कार वितरित किए गए। अतिथियों को स्मृति चिन्ह, पौधे और कपड़े के बैग भेंट किए गए तथा सभी को पृथ्वी संरक्षण की शपथ दिलाई गई। इस दौरान विद्यालय स्टाफ एवं बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

## खबर संक्षेप

### जल मंदिर व पशु पेयजल का शुभारंभ

**दमोह।** विकासखंड दमोह के अंतर्गत ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति इमलाई द्वारा जल गंगा संवर्धन अभियान 2026 के अंतर्गत "जल शक्ति से नव भक्ति" कार्यक्रम में आमजन की सेवा भाव को जागृत करते हुए ग्राम इमलाई क्षेत्र अंतर्गत जल मंदिर (प्याऊ) व पशु पेयजल का शुभारंभ किया गया। जिससे राहगीरों ठंडा पानी व पशु पेयजल से बेसहारा पशुओं को पानी मिल सके। जल है तो कल है का संदेश देते हुए सभी ने शपथ ली। कार्यक्रम में म. प्र. जन अभियान परिषद जिला समन्वयक सुशील नामदेव, ब्लॉक समन्वयक वंदना जैन, इमलाई सरपंच दुर्गा प्रसाद, नवांकुर संस्था के अध्यक्ष राकेश राठौर एवं रत्नेश सुमन, हेमराज अहिरवार, सचिव रमाशंकर, योगेश सुमन, समिति सदस्य दरवारी, कमलेश ,मुकेश, अक्षय, अजय, श्याम, शुभम, नीतेश, अंशु व अन्य का सहयोग रहा।

### अविशा को मिले 91 प्रतिशत अंक

**दमोह।** सेंट जॉन स्कूल की की छात्रा कु. अविशा अग्निभोज ने सीबीएसई दसवीं की बोर्ड परीक्षा मे 91 प्रतिशत अंक के साथ उत्तीर्ण करने पर परिवार, समाज एवं मित्रों ने अपनी शुभकामनाएं प्रेषित की है स अविशा ने अपनी सफलता का श्रेय परम पिता परमेश्वर को एवं अपने परिवार एवं अपने विद्यालय सेंट जॉन स्कूल की प्राचार्य सिस्टर सोफी भारत एवं समस्त शिक्षक शिक्षिकाओं को दिया है। जिनके प्रोत्साहन एवं आशीर्वाद से ये सफलता उन्होंने अर्जित की है।

### गौशालाओं में सुधार के लिए बैठक कल

**दमोह।** जिले में संचालित गौशालाओं की व्यवस्था को बेहतर बनाने के उद्देश्य से कलेक्टर प्रताप नारायण यादव ने हाल ही में विभिन्न गौशालाओं का भ्रमण किया। उन्होने कहा, निरीक्षण के दौरान पाया गया कई स्थानों पर व्यवस्थाओं में सुधार की काफी आवश्यकता है। इसी को ध्यान में रखते हुए उन्होने गौशाला संचालकों की एक महत्वपूर्ण बैठक 25 अप्रैल को आयोजित करने का निर्णय लिया है। इस बैठक में गौशालाओं के संचालन, संसाधनों की उपलब्धता और गौवंश के बेहतर देखभाल से संबंधित मुद्दों पर चर्चा की जाएगी। कलेक्टर श्री यादव ने आमजन से भी अपील की है कि वे इस पहल में अपने सुझाव दें। उन्होने कहा, जनसहभागिता से ही गौशालाओं की व्यवस्थाओं को अधिक प्रभावी और सुव्यवस्थित बनाया जा सकता है, प्रशासन का लक्ष्य है कि जिले की सभी गौशालाओं में गौ माताओं को बेहतर सुविधा, पोषण और सुरक्षित वातावरण उपलब्ध कराया जाए।

शासन की प्राथमिकता से जुडे कार्यों का समय-सीमा में निराकरण सुनिश्चित करें- कलेक्टर

# सभी एसडीएम, तहसीलदार व अधिकारी अपने क्षेत्र में जनसुनवाई प्रभावी बनायें

## राजस्व अधिकारियों की बैठक संपन्न, दिए गये अहम दिशा-निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दमोह

जिले के सभी एसडीएम और तहसीलदार अपने अपने क्षेत्र में जनसुनवाई को प्रभावी बनाये, उनके अधिकार क्षेत्र के प्रकरणों का त्वरित निराकरण वहां सुनिश्चिरत करें। ताकि वहां से संबंधित व्यक्ति जिला स्तर पर उस समस्या के निराकरण के लिए यहां न आयें। उन्होने सभी एसडीएम से कहा वे साप्ताहिक समय सीमा बैठक अपने यहां रखे और आवश्यक होने पर संबंधित कर्मचारियों और पटवारियों को भी बुलायें। इस आशय के निर्देश कलेक्टर प्रताप नारायण यादव ने आज राजस्व अधिकारियों की आयोजित बैठक में दिए। इस मौके पर अपर कलेक्टर मीना मसराम खासतौर पर मौजूद रहीं। कलेक्टर



श्री यादव नें राजस्व प्रकरणों की समीक्षा करते हुए अधिकारियों से प्रगति लाने के निर्देश दिए। उन्होने अधिकारियों से कहा, शासन की प्राथमिकता से जुडे कार्यो और राजस्व प्रकरणों का तय समय सीमा में निराकरण सुनिश्चिति किया जायें। लंबित मामलों में तेजी लाने और कार्यो की गति बढ़ाने के लिए विशेष ध्यान देने कहा। श्री यादव नें अधिकारियों से बेहतर समन्वय से कार्यो के संपादन पर विशेष बल दिया। उन्होने कहा एसडीएम, तहसीलदार, नायब तहसीलदार खरीदी का जायजा लेते रहे। कलेक्टर नें एसडीएम और सभी राजस्व अधिकारियों से कहा समर्थन मूल्य पर खरीदी चल रही है, वे इसका निरीक्षण करते रहें। खरीदी के दौरान किसानों को परेशानी न हो। यह सुनिश्चिलत किया जायें। उन्होने कहा उर्पाजन केंद्रो में मूलभूत सुविधाऐं उपलब्ध रहें, यह आवश्यक रूप से देखे।

### एसडीएम हर विभाग की नियमित समीक्षा करें

कलेक्टर श्री यादव नें सभी एसडीएम से कहा वे नियमित रूप से अपने सब-डिवीजन क्षेत्र के सभी विभागो की समीक्षा करें। इससे जहां कार्यो में गति आयेगी, वही आपसी सामंजस्य से एचपीव्ही टीकाकरण आदि कार्यो में समन्वय के साथ बेहतर परिणाम भी आयेगें।

### समर्थन मूल्य पर खरीदी की समीक्षा

इस आयोजित बैठक के प्रारंभ में समर्थन मूल्य पर चल रही खरीदी की गहन समीक्षा कर संबंधित अधिकारियों को शासन की मंशानुसार सभी व्यवस्थाएं सुदृण सुनिश्चिौत रखने के निर्देश दिए। कलेक्टर श्री यादव ने कहा किसानों को किसी तरह की परेशानी न हो यह ध्यान रखा जायें।

# स्वयं की बंदूक की गोली सिर में लगने गनमैन की मौत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दमोह



पैशे से गनमैन रहे एक व्यक्ति के स्वयं की बंदूक की गोली सर में लगने भेजा उड़ जाने का दुखद दर्दनाक घटनाक्रम सामने आया है। यह महज हादसा था या फिर सुसाइड फिलहाल पुलिस इसकी जांच में जुटी हुई है। लेकिन इस घटनाक्रम ने परिजनों के साथ मोहल्ले के लोगों को भी दहलाकर रख दिया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार जबलपुर नाका चौकी क्षेत्र अंतर्गत राजा पटना बैंक के पीछे रहने वाले गनमैन संतोष राठौर के सर में गोली लगने से बीती रात मौके पर ही मौत हो जाने का घटनाक्रम सामने आया था। घटना की जानकारी लगने पर देहात थाना प्रभारी अमित गौतम और जबलपुर नाका चौकी प्रभारी प्रियंका पटेल पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंची थी। जहां हालात को ध्यान में रखकर कमरे को सीज करके सागर एफएसएल टीम को सूचना दी गई व टीम के पहुंचने पर देर रात शव को जिला अस्पताल की मरचुरी में रखवा दिया गया था। गुरुवार को पोस्टमार्टम उपरांत शव परिजनों को सौंप दिया गया। इस दुखद घटनाक्रम से गमगीन तथा हतप्रद परिजन जहां घटना की वजह भी नहीं बता पा रहे हैं वही पुलिस भी जांच पड़ताल में जुटी हुई है। मामले में सीएसपी एच आर पांडे का कहना है कि फिलहाल जान जारी है वही संतोष राठौर के पिछले कुछ समय से तनाव में रहने तथा बेरोजगार होने जैसी बात भी सामने आई है। ऐसे में अंदाजा लगाया जा रहा है कि डिप्रेशन के चलते शायद उसमें आत्मघाती कदम उठा लिया हो वही बंदूक की नाल साफ करते समय गोली चलने की आशंका भी जताई जा रही है।

# पैक्स सदस्यता अभियान की हुई शुरुआत



**गैसाबाद।** प्रदेश सरकार के दिशा निर्देशन पर 14 अप्रैल से 15 मई 2026 तक किसानों की सुविधा के लिए 0% ब्याज पर ऋण मुहैया कराये जाने हेतु सेवा सहकारी समितियों द्वारा पैक्स सदस्यता महाअभियान चलाया जा रहा है जिसमें किसानों को अधिक से अधिक संख्या में लाभ पहुंचा कर सेवा सहकारी समिति का सदस्य बनाया जा रहा है। इसी क्रम में गैसाबाद प्रभारी समिति प्रबंधक जितेंद्र तिवारी मोनू ने शाखा प्रबंधक मुबारिक खान की उपस्थिति में ग्राम गैसाबाद की सेवा सहकारी समिति प्रांगण में किसानों की सुविधा एवं लाभ के लिए सदस्यता अभियान की शुरुआत करते हुए कृषक रामकेश रामसेवक कुर्मी गरैह, विकास पटेल अदनवारा, रामस्वरूप उपाध्याय कचनारी, सहित अनेक किसानों को बैंक का प्राथमिक सदस्य बनाकर शासन की योजनाओं का लाभ दिलाने की प्रक्रिया प्रारंभ की।

### इनका कहना है

जितेंद्र तिवारी, प्रभारी प्रबंधक सेवा सहकारी समिति गैसाबाद ने गैसाबाद समिति से आसपास के कई गांव जुड़े हुए हैं इसलिए यहां पर किसानों की सुविधा के लिए शिविर लगाकर किसानों को समिति का सदस्य बनाया जा रहा है।

# अज्ञात बाइक सवार ने पैदल चल रहे व्यक्ति को मारी टक्कर

**तेंदूखेड़ा।** तारादेही थाना क्षेत्र के अंतर्गत अज्ञात बाईक सवार ने गुलाब सिंह गोंड पिता नत्थू गोंड 50 निवासी ग्राम खमतरा माल गुलाब ग्राम से लगभग दो किलोमीटर तारादेही रोड स्थित खेत पर रखवाली करने जा रहा था तभी अचानक अज्ञात बाइक सवार के द्वारा पीछे से टक्कर मार दी घटनासुबह 10 की है बाइक से टक्कर मारने के बाद चालक घटनास्थल से भाग गया क्योंकि घटनास्थल के आसपास कोई भी व्यक्ति मौजूद नहीं था की घायल व्यक्ति की मदद कर सके घायल व्यक्ति के दाएं पैर में गंभीर चोट आई जिससे वह चल नहीं पा रहा था घटना के 2 घंटे बाद जब परिजनों को इसका पता चला तो वह घटना स्थल पर पहुंचे। 12.30 बजे घायल को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र तेंदूखेड़ा लाया गया जहां पर ड्यूटी डॉक्टर प्रियांशु साहू के द्वारा उसका प्राथमिक उपचार कर जबलपुर रेफर किया गया।

# आरक्षक व साथी से शराबी तत्वों ने की मारपीट

**दमोह।** बस स्टैंड स्टेशन क्षेत्र में शराबी तत्वों का जमावड़ा तथा गुंडागर्दी बाहर से आने वाले यात्रियों की परेशानी की वजह बन जाते है। वही रिश्तेदारों को लेने पहुंचने वाले लोग भी उपरोक्त हालात शिकार हो जाते हैं। ऐसा ही घटनाक्रम बीती रात रेलवे स्टेशन के बाहर



देखने को मिला जब नशे में धुत शराबी तत्वों की गुंडागर्दी का शिकार पुलिस का एक आरक्षक और उसका साथ ही हो गया तथा गंभीर हालत में दोनों को इलाज के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार सीएसपी की गाड़ी चलाने वाला आरक्षक रविंद्र अहिरवार बीती रात अपने साथी के साथ रिश्तेदार को लेने रेलवे स्टेशन गया था। इस दौरान स्टेशन के बाहर चाय दुकान के पास पहले से मौजूद कुछ शराबी तत्वों से इनका बाद विवाद हो गया। जिस पर करीब आधा दर्जन लोगों ने पुलिस आरक्षक और साथी पर लाठी आदि से हमला करके लहू लूहान कर दिया। वही पुलिस के पहुचने के पहले ही बदमाश तत्व मौके से भाग गए। दोनों घायलों के इलाज के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया । जहां पीड़ितों के द्वारा मारपीट करने वाले तत्वों के एक शराब ठेकेदार से जुड़े होने की बात कही गई है। इधर सीएसपी एचआर पांडे और कोतवाली टीआई मनीष कुमार ने घटना की जानकारी लेकर आरोपियों की गिरफ्तारी के निर्देश दिए हैं।

# अज़ाक्स संघ ने दूल्हे को न्याय दिलाने दिया ज्ञापन

**दमोह।** डॉ मोहन सिंह आदर्श, प्रांतीय कार्यकारणी सदस्य एवं संभागीय प्रभारी अज़ाक्स सागर ने बताया कि दिनांक 20 अप्रैल 2026 को ग्राम बिजौरी पाठक में अनुसूचित जाति वर्ग के दूल्हे को घोड़ी से उतार कर जातिगत रूप से मारपीट कर अपमानित किया गया। जिसमें माननीय मुख्यमंत्री महोदय मध्यप्रदेश शासन भोपाल एवं कलेक्टर व पुलिस अधीक्षक जिला दमोह के नाम ज्ञापन दिया गया है, जिसमें जिला दमोह की तहसील हटा ग्राम बिजौरी पाठक में देश की आजादी के 79 साल बाद भी दमोह जिला सैकड़ों वर्ष पीछे है, जिसका मूल कारण जाति हैं जो जाती नहीं। ग्राम बिजौरी पाठक निवासी निशक्त दूल्हा गोलू अहिरवार और दूल्हे की बहिन मनीषा अहिरवार को जातिवाद के चलते ग्राम के दीपू सिंह, चिन्नू सिंह ,विशना लोधी, हाकम सिंह द्वारा निशक्त दूल्हे को जातिगत द्वेष रखते हुए घोड़े से उतारकर पीटा गया, जिसकी अज़ाक्स संघ घोर निंदा करता है और अज़ाक्स संघ मध्यप्रदेश शासन व जिला एवं पुलिस प्रशासन से मांग करता है कि दोषियों को शीघ्र गिरफ्तार कर कड़ी से कड़ी सजा दिलाई जावे। साथ ही पीड़तिों को कड़ी सुरक्षा में रखा जावे इसी के साथ जिला प्रशासन से मांग करते हैं कि जिला स्तर पर एक स्थाई अस्पर्शता समिति तैयार की जाए।

# सीवियर एनीमिक महिला को रक्त देकर सीबीएमओ ने बचाई जान



**तेंदूखेड़ा।** नगर के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में 21 अप्रैल को एक महिला श्रीमती लक्ष्मी पति किशन गौड ग्राम खंगोरिया कला निवासी प्रसव पश्चात दोपहर में आशा एवं आशा सहयोगी की मदद से भर्ती कराया गया। 22 अप्रैल को लैब में रक्त की जांच की गई जिसमें महिला का एचबी 4.9 आया तब 23 अप्रैल को सीबीएमओ डॉक्टर अशोक बड़ोनिया के द्वारा गंभीरता दिखाते हुए महिला की जान बचाने के लिए स्वयं ही रक्तदान किया। महिला को रक्त चढ़ाया गया जिससे महिला गंभीर खतरे से बाहर हो गई। डां बडोनिया ने बताया कि गर्भावस्था के दौरान पहले जांच में एचबी 10 ग्राम था तथा चारों जांच पूर्ण की गई जिसमें एचबी लगभग 10 ग्राम के आसपास ही रहा। प्रसव पश्चात जांच करने के बाद पता चला महिला सीवियर एनीमिक है सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र तेंदूखेड़ा में एक यूनिट रक्त चढ़ाने के बाद अस्पताल में भर्ती है अब पूर्ण रूप से स्वस्थ है, खतरे से बाहर है। महिला की जानकारी लेने स्वास्थ्य केंद्र एसडीएम सीजी गोस्वामी पहुंचे साथ ही उन्हीं के सामने महिला को बल्ड चढाया गया महिला के स्वास्थ्य की जानकारी लेने के पश्चात एसडीएम ने अपनी संतुष्टि व्यक्त की। स्टोर प्रभारी दिनेश अवस्थी ने बताया कि स्वास्थ्य केंद्र में ब्लड यूनिट बैंक की स्थापना हो चुकी हैं अब से किसी भी जरूरत मंद को बल्ड के लिए इधर उधर नहीं भटकना पडेगा नगर के स्वास्थ्य केंद्र में ही व्यवस्था हैं। आगामी जो भी रक्तदान शिविर का आयोजन होंगा उसका स्टोरेज स्वास्थ्य केंद्र में रहेगा।

# करनपुरा हार में लगी आग ने मचाई तबाही

## अनाज, पाइप, कच्चा मकान सब जलकर हुए खाक

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जबेरा

नगर जबेरा से लगी हुई ग्राम पंचायत करन पुरा के ग्राम करनपुरा में बुधवार की दोपहर आग ने जमकर तांडव मचाया। बताया जाता है कि खेतों में खड़ी नरवाई से शुरू हुई चिंगारी ने तेज हवाओं के साथ मिलकर के ऐसा विकराल रूप धारण कर लिया। जब इलाके के किसान अपने रोजमर्रा के कामों में व्यस्त थे। तभी करनपुरा हार क्षेत्र से धुएं का गुबार उठने लगा इससे पहले की किसान कुछ समझ पाते तेज हवाओं के झोंकों ने आग को पूरे इलाके में फैला दिया। आग की लपटे इतनी ऊंची थी कि दूर-दूर तक दहशत का माहौल बन गया। इस अग्निकांड में किसानों को भारी आर्थिक नुकसान उठाना पड़ा है। प्राप्त जानकारी के अनुसार कृषि के उपकरण सिंचाई के लिए खेतों में रखे लगभग 125 पाइप पूरी तरह जलकर के नष्ट हो गए हैं। इसी तरह किसानों के द्वारा सुरक्षित रखा गया 12 कुंटल अनाज भी आग की भेंट चढ़ गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार आग की चपेट में आने से एक कच्चा मकान पूरी तरह जलकर के जमींदोज हो गया है। किसान राकेश सिंह ,घुमान सिंह ,भान सिंह सहित अन्य कई छोटे किसानों को इस आपदा ने बुरी तरह प्रभावित किया है। बताया जाता है कि ग्रामीणों के साहसिक कार्य से बड़ा हादसा टल गया नहीं तो यह आग गांव की घनी बस्ती की ओर बढ़ जाती। बताया जाता है कि तहसीलदार के द्वारा पटवारी को भेज करके पंचनामा तैयार कराया गया है एवं विस्तृत रिपोर्ट देने के लिए निर्देशित किया गया है। तहसीलदार का कहना है कि जांच रिपोर्ट के आधार पर प्रभावित किसानों को शासन के नियम अनुसार उचित मुआवजा दिलाने की कार्यवाही की जावेगी।

# स्कूल की प्रतिभाओं का किया सम्मान




हरिभूमि न्यूज ▶▶ नरसिंहगढ़

अपनी शैक्षणिक उत्कृष्टता को बरकरार रखते हुए डीएवी ज्ञानोदय विद्या मंदिर के छात्र-छात्राओं ने सीबीएसई 10वीं की बोर्ड परीक्षा में सफलता के झंडे गाड़े हैं। गुरुवार को माइसेम सीमेंट फैक्ट्री के क्लब हाउस में आयोजित एक भव्य 'सम्मान समारोह' में 90 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त करने वाले छात्र-छात्राओं को पुरस्कृत किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि, माइसेम सीमेंट फैक्ट्री के क्लस्टर हेड एवं विद्यालय के चेयरमैन सुरेश चंद्र दुबे द्वारा माँ सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्वलन कर किया गया। इस अवसर पर प्राचार्य श्री आर.पी. कुर्मवंशी ने मुख्य अतिथि का पुष्पगुच्छ से स्वागत किया। विद्यालय की छात्राओं ने मधुर स्वर में 'सरस्वती वंदना' प्रस्तुत कर उपस्थित जनसमूह को मंत्रमुग्ध कर दिया। समारोह के दौरान दमोह जिले में 98 प्रतिशत अंकों के साथ शीर्ष स्थान प्राप्त करने वाली नंदिनी श्रीधर सहित नमन उपाध्याय, प्रांशु पटेल और अपूर्वा श्रीवास्तव को विशेष रूप से सम्मानित किया गया। मुख्य अतिथि ने इन प्रतिभावान छात्रों को प्रशस्ति पत्र प्रदान किए। इनके अतिरिक्त, 90 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त करने वाले अन्य 10 छात्र-छात्राओं को भी मंच पर सम्मानित कर उनका उत्साहवर्धन किया गया।

### पंखों से कुछ नहीं होता, हौसलों से उड़ान होती है

समारोह को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि सुरेश चंद्र दुबे, क्लस्टर हेड (माइसेम सीमेंट) ने विद्यार्थियों की सराहना करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। वहीं, प्राचार्य श्री कुर्मवंशी ने कहा, ₹हमारा निरंतर प्रयास बच्चों का मनोबल बढ़ाकर उनके भविष्य को गढ़ना है, जिसमें हमारी पूरी टीम समर्पित भाव से जुटी है।

मीडिया से रूबरू होते हुए जिला टॉपर नंदिनी श्रीधर और अपूर्वा श्रीवास्तव ने अपनी इस उपलब्धि का श्रेय अपने माता-पिता के आशीर्वाद और शिक्षकों के सही मार्गदर्शन को दिया।

इस गरिमामय कार्यक्रम में अभिभावकगण, मीडिया प्रतिनिधि शैलेष श्रीवास्तव, विद्यालय का समस्त स्टाफ एवं बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं मौजूद रहे।

# मुनि श्री का दीक्षा दिवस भव्यता से मनाया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दमोह



पूज्य मुनि श्री 108 पद्म सागर जी महाराज का 28वां मुनि दीक्षा दिवस अत्यंत श्रद्धा, भक्ति एवं हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस पावन अवसर पर सकल दिगंबर जैन समाज सहित बाहर से भी बड़ी संख्या में श्रद्धालुजन उपस्थित रहे, जिससे पूरा वातावरण धर्ममय हो उठा। कार्यक्रम का शुभारंभ मंगलाचरण से हुआ, जिसे श्रीमती रुपाली जैन, श्रीमती शैली जैन एवं श्रीमती निधि चौधरी ने भक्ति भाव से प्रस्तुत किया। शहर की 18 जैन पाठशालाओं के विद्यार्थियों की सहभागिता विशेष आकर्षण का केंद्र रही, जहां बच्चों द्वारा प्रस्तुत आकर्षक नृत्य एवं नाटिकाओं ने सभी का मन मोह लिया। दीक्षा दिवस के उपलक्ष्य में 28 पात्रों में विभिन्न सामाजिक संगठनों द्वारा विधिपूर्वक पादप्रक्षालन किया गया, जो इस ऐतिहासिक अवसर की गरिमा को दर्शाता है। साथ ही पूज्य मुनि श्री पद्म सागर जी महाराज एवं क्षुल्लक श्री तात्पर्य सागर जी महाराज के गृहस्थ जीवन से जुड़े परिजनों का श्रद्धापूर्वक सम्मान किया गया। इस अवसर पर पूज्य आचार्य श्री 108 विद्यासागर जी महाराज एवं मुनि श्री पद्म सागर जी महाराज का विभिन्न मंदिर समितियों, महिला मंडलों एवं सामाजिक संगठनों द्वारा भक्ति एवं उत्साह के साथ अभिनंदन किया गया।

### प्रवचन विशेष आत्म कल्याण का मार्ग बताया

कार्यक्रम के दौरान पूज्य क्षुल्लक श्री तात्पर्य सागर जी महाराज ने अपने ओजस्वी प्रवचनों में कहा कि मनुष्य जीवन अत्यंत दुर्लभ है और इसका उद्देश्य आत्मा की शुद्धि एवं मोक्ष की प्राप्ति है। दीक्षा केवल बाहरी त्याग नहीं, बल्कि मोह, माया और राग-द्वेष से पूर्ण विरक्ति का मार्ग है।

उन्होंने कहा कि यदि पूर्ण त्याग संभव न हो, तो भी संयम, सदाचार और अहिंसा को अपनाकर आत्मकल्याण की दिशा में बढ़ा जा सकता है। साथ ही उन्होंने युवाओं को संदेश दिया कि गहरे संस्कार ही जीवन को श्रेष्ठ बनाते हैं। तत्पश्चात पूज्य मुनि श्री 108 पद्म सागर जी महाराज ने अपनी दिव्य देशना में नेमावर सिद्ध क्षेत्र में 28 वर्ष पूर्व प्राप्त दीक्षा के भावुक क्षणों को स्मरण करते हुए अपने गुरु पूज्य आचार्य श्री 108 विद्यासागर जी महाराज के प्रति कृतज्ञता व्यक्त की। उन्होंने कहा कि गुरु कृपा के बिना आत्मोन्नति का मार्ग कठिन है और दीक्षा का क्षण आत्मा के भविष्य को बदलने वाला होता है। त्याग और तपस्या के प्रारंभिक कष्ट ही आगे चलकर आत्मिक शांति और आनंद का कारण बनते हैं। मुनि श्री ने श्रद्धालुओं से आग्रह किया कि वे अपने जीवन में स्वाध्याय, पूजा, जप एवं ध्यान को स्थान दें और नई पीढ़ी को धर्म संस्कारों से जोड़ें। कार्यक्रम में सभी पाठशालाओं के शिक्षकों एवं बच्चों का सम्मान किया गया। साथ ही बाहर से पधारे अतिथियों के लिए नन्हे मंदिर परिसर में सुसंगठित भोजन व्यवस्था भी की गई। यह आयोजन धार्मिक आस्था, समाज की एकजुटता एवं गुरु भक्ति का प्रेरणादायक उदाहरण बनकर उभरा।

# पोषण पखवाडा के अंतर्गत पोषण मेला का आयोजन

## नये आँगनबाड़ी भवन का भव्य शुभारंभ हुआ



**दमोह।** महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा संचालित 8वें राष्ट्रीय पोषण पखवाड़ा (9-23 अप्रैल 2026) के समापन अवसर पर परियोजना पटेरा में भव्य 'पोषण मेला' का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य समुदाय को कुपोषण के प्रति जागरूक करना और स्थानीय खान-पान के महत्व को समझाना था,मेले का मुख्य केंद्र ₹जीवन के पहले छह वर्षों में मस्तिष्क का अधिकतम विकास₹ होता है । विशेषज्ञों ने बताया कि 85% मस्तिष्क विकास इसी अवधि में होता है, इसलिए सही पोषण अनिवार्य है।आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं द्वारा स्थानीय पौष्टिक खाद्य सामग्रियों की प्रदर्शनी लगाई गई। इसमें मोटे अनाज (मिलेट्स), हरी सब्जियाँ और फल प्रदर्शित किए गए ताकि माताओं को संतुलित आहार की जानकारी मिल सके। कार्यक्रम के दौरान गर्भवती महिलाओं की गोद भराई और बच्चों का अन्नप्राशन संस्कार कराया गया। साथ ही, बच्चों के डिजिटल डिटॉक्स (स्क्रीन टाइम कम करने) और खेल-आधारित शिक्षा पर भी जोर दिया गया। महिलाओं और बच्चों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया तथा एनीमिया की रोकथाम के उपाय बताए गए। मेले में स्थानीय जनप्रतिनिधियों, महिलाओं और बच्चों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। यह आयोजन पटेरा क्षेत्र में कुपोषण उन्मूलन और एक स्वस्थ भविष्य की नींव रखने की दिशा में एक सशक्त कदम के रूप में देखा जा रहा है।